● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 145, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरुवार, 03 जुलाई 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



भाजपा को जल्द मिलेगा राष्ट्रीय अध्यक्ष 5

भारत की खराब शुरूआत, जायसवाल शतक से चूके 6



## मप्र भाजपा के अध्यक्ष बने हेमंत खंडेलवाल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश भाजपा को अपना नया अध्यक्ष मिल गया है। भाजपा आफिस में आयोजित कार्यक्रम में हेमंत विजय खंडेलवाल ने मध्य प्रदेश भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला। इस मौके पर नए बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि बीजेपी के इस पर्व की प्रक्रिया पूरी हुई। मैं मानता हूं कि जो दायित्व सौंपा गया है, वो अहम है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भाजपा में अनुशासन की बात की। उन्होंने कहा कि पार्टी में अनुशासन बड़ा होता है। सब मिलकर काम करते हैं। इस वजह से यहां पर सभी का सम्मान होता है। भाजपा का परिवार कई वर्षों से कांग्रेस के विरुद्ध झंडा बुलंद करता आया है। और आगे भी करता रहेगा उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के सम्मान में कोई कमी नहीं आएगी। भाजपा उनके रग रग में है। हेमंत खंडेलवाल ने ये भी मैसेज देने की




कोशिश की पार्टी सर्वोपरी है और अनुशासन सबसे बड़ा है। उन्होंने कहा कि पार्टी से जो दाएं-बाएं होगा, उसको दिक्कत होगी। सत्ता और संगठन दोनों मिलकर काम करेंगे। इसके पहले 27 प्रदेश अध्यक्षों ने पार्टी को मजबूत किया है। बद्रीलाल दवे पहले अध्यक्ष थे। सुंदरलाल पटवा भी बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बने। मेरे स्वर्गीय पिता भी कुशाभाऊ ठाकरे के पद पर चलते थे। आज हमारे बीच कई लोग नहीं है, मैं उनको याद करता हूं। कई लोगों ने बीजेपी को आगे ले जाने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि पार्टी को बुलंदियों पर बरकार रखना है, आगे भी ले जाना है। बीजेपी किसी भी कार्यकर्ता को उसकी क्षमता के अनुरूप पद पर बैठाती है। उन्होंने कहा कि विश्व गुरु आज हम नरेंद्र मोदी जी के कारण हैं। अमित शाह, जेपी नड्डा के मार्गदर्शन में हमें काम करना है। पहले एक मिथक था कि हम पांच साल पूरा नहीं कर पाते हैं। शिवराज सिंह चौहान ने इस मिथक को तोड़ा है। वो कल्याणकारी योजनाएं लेकर आए और वो मिथक टूट गया। इस समय सीएम मोहन यादव भी हमारे प्रदेश में रोजगार और उद्योगों को लाने का काम कर रहे हैं। उनकी साफ-सुथरी छवि, आरएसएस से जुड़ाव और सामान्य वर्ग से आने की पहचान ने उन्हें इस पद के लिए स्वाभाविक पसंद बना दिया। खंडेलवाल की नियुक्ति को संगठनात्मक संतुलन बनाए रखने की दिशा में एक रणनीतिक निर्णय माना जा रहा है, जो भाजपा के वैचारिक मूल्यों और मौजूदा नेतृत्व की कार्यशैली के बीच तालमेल स्थापित करता है। उनके नेतृत्व में पार्टी आगामी चुनावी तैयारियों और संगठनात्मक विस्तार को लेकर नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने की तैयारी में है।

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष वी.डी. शर्मा समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और वी. डी. शर्मा ने खंडेलवाल को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने इस मौके पर खंडेलवाल का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की उम्मीद जताई। बुधवार को भोपाल में केंद्रीय पर्यवेक्षक एवं केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में खंडेलवाल के नाम पर सर्वसम्मति से मुहर लगाई गई। खंडेलवाल का चयन निर्विरोध रहा, जिसे पार्टी के भीतर अनुशासन और एकजुटता का प्रतीक माना जा रहा है। निवर्तमान अध्यक्ष वी.डी. शर्मा का कार्यकाल भी समाप्त हो गया।

## पीएम मोदी को घाना में 21 तोपों की सलामी

**एक्रॉ।** पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को अफ्रीकी देश घाना पहुंच गए हैं। घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा ने राजधानी एक्रॉ में एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी को 21 तोपों की सलामी के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए एक्रॉ में एक होटल के बाहर बच्चे भारतीय वेशभूषा में पहुंचे हैं। उन्होंने पीएम मोदी के लिए संस्कृत में श्लोक याद किया है। बच्चे प्रधानमंत्री के पहुंचने पर उनके सामने श्लोक का पाठ करेंगे।

मोदी 2 जुलाई से 8 दिनों के लिए 5 देशों की यात्रा पर हैं। वे सबसे पहले घाना गए हैं। यह किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की 30 सालों में पहली घाना यात्रा है। इससे पहले 1957 में पंडित जवाहरलाल नेहरू और 1995 में नरसिम्हा राव बतौर पीएम घाना के दौरे पर पहुंचे थे।

घाना के बाद पीएम मोदी त्रिनिदाद एंड टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया जाएंगे। 2014 से अब तक के तीन कार्यकाल में, पीएम की त्रिनिदाद एंड टोबैगो और नामीबिया में भी पहली यात्रा होगी। मोदी ब्राजील में ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेंगे।

घाना में भारत का यूपीआई सिस्टम लाने पर राष्ट्रपति से मोदी की बातचीत घाना में पीएम मोदी राष्ट्रपति जॉन महामा से मिलेंगे। दोनों नेता द्विपक्षीय व्यापार और रिश्तों पर चर्चा करेंगे। इस दौरान एनर्जी, खेती और डिजिटल तकनीक और वैक्सीन हब डेवलप करने के क्षेत्र में कई समझौते साइन होंगे।

भारत का यूपीआई और डिजिटल पेमेंट सिस्टम घाना में लाने के बारे में भी बातचीत होगी, ताकि दोनों देशों में डिजिटल लेन-देन आसान हो सके। मोदी और महामा एक साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करेंगे।

पीएम मोदी घाना की संसद और वहां रहने वाले भारतीय समुदाय के 15000 लोगों को संबोधित करेंगे। घाना के राष्ट्रपति महामा पीएम मोदी के सम्मान में स्टेट डिनर भी आयोजित करेंगे।

भारत और घाना अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक-दूसरे के मजबूत समर्थक रहे हैं। दोनों देश गुटनिरपेक्ष आंदोलन के सदस्य हैं और संयुक्त राष्ट्र जैसे संगठनों में मिलकर काम करते हैं। घाना ने भारत की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के दावे का समर्थन किया है।

जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और अन्य वैश्विक मुद्दों पर दोनों देश एक-दूसरे के साथ खड़े रहते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने घाना को वैक्सीन और चिकित्सा मदद दी थी। भारत ने घाना को 6 लाख कोविड वैक्सीन दी थी।

क्वामे एन्क्रूमा घाना के सबसे बड़े नेता थे, जिन्हें 'अफ्रीका का महात्मा गांधी' भी कहा जाता है। उन्होंने अमेरिका में पढ़ाई के दौरान गांधीजी के विचार पढ़े और उनसे बहुत प्रभावित हुए। इसके बाद घाना आकर उन्होंने कन्वेंशन पीपुल्स पार्टी बनाई और देश में आजादी की लड़ाई शुरू की।

## हां, मैं पांच साल सीएम रहूंगा: सिद्धारमैया

**चिक्कबल्लापुर।** कर्नाटक ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि वह पांच साल तक राज्य के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। इसमें किसी को कोई शक नहीं होना चाहिए। दरअसल, सिद्धारमैया ने से पूछा गया कि क्या वह पांच साल तक मुख्यमंत्री बने रहेंगे, तो उन्होंने जवाब दिया, हां, मैं रहूंगा। आपको इसमें कोई शक है?

इससे पहले राज्य मंत्री प्रियांक खरगे ने भी राज्य में मुख्यमंत्री बदलने की अटकलों को खारिज किया। पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ऐसा किसने कहा? (कांग्रेस के कर्नाटक प्रभारी) रणदीप



सुरजेवाला, मुख्यमंत्री (सिद्धारमैया), उप मुख्यमंत्री (डीके शिवकुमार) और (पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष) मल्लिकार्जुन खरगे ने स्पष्ट कहा है कि ऐसी कोई बात नहीं है। फिर इस तरह की अटकलें क्यों लगाई जा रही हैं? वहीं, मुख्यमंत्री बदलने की अटकलों पर कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि पार्टी अनुशासन महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मैंने किसी से मुख्यमंत्री बनाने के लिए नहीं कहा है। इस दौरान शिवकुमार ने चेतावनी दी कि अगर नेतृत्व परिवर्तन के मुद्दे पर कोई भी नेता सार्वजनिक बयान देता है तो उसे नोटिस जारी किया जाएगा। शिवकुमार ने बताया कि रामनगर के विधायक एचए इकबाल हुसैन को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अन्य लोगों को भी नोटिस दिए जाएंगे। बता दें कि रामनगर के विधायक एचए इकबाल हुसैन ने बयान दिया था कि डीके शिवकुमार को सीएम बनना चाहिए। शिवकुमार ने कहा कि मैंने किसी से मेरा नाम लेने या मुझे मुख्यमंत्री बनाने के लिए नहीं कहा है।

## नए आपराधिक कानूनों से न्याय प्रशासन में केवल भ्रम पैदा हुआ: चिदंबरम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने नए आपराधिक कानूनों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने इन कानूनों को लागू करने को कट एंड पेस्ट एक्सरसाइज बताया। चिदंबरम ने कहा कि तीन नये आपराधिक कानूनों को लागू करना व्यर्थ का काम है। इनसे न्यायाधीशों, वकीलों और पुलिस के बीच न्याय प्रशासन में केवल भ्रम की स्थिति पैदा हुई है। पी चिदंबरम ने यह बयान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा नए आपराधिक कानूनों के एक साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में इन्हें स्वतंत्र भारत में सबसे बड़ा सुधार करार दिए जाने पर दिया है।

## बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को छह महीने जेल की सजा

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अदालत की अवमानना के आरोप में दोषी ठहराया गया है और छह महीने जेल की सजा सुनाई गई है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने सजा का एलान किया है। बुधवार को तीन सदस्यों वाली पीठ ने यह फैसला सुनाया। बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण की पीठ की अध्यक्षता जस्टिस मोहम्मद गुलाम मुर्तजा मजूमदार ने की। यह पहली बार है जब किसी मामले में शेख हसीना को जेल की सजा सुनाई गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीते साल शेख हसीना की एक ऑडियो क्लिप लीक हुई थी। यह ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुई और उसके बाद बांग्लादेशी मीडिया ने भी इसे प्रसारित किया था। इस ऑडियो क्लिप में कथित तौर पर शेख हसीना गोबिंदगंज उपजिला चेयरमैन शकील बुलबुल से बात कर रहीं थी, जिसमें उन्होंने कहा कि %मेरे खिलाफ 227 मामले दर्ज हुए हैं, इसलिए मुझे 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिल गया है।% अदालत की अवमानना के मामले में अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण शकील बुलबुल को भी दो महीने जेल की सजा सुना चुका है।

अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने शेख हसीना के बयान को अवज्ञा माना और उन्हें अदालत को कमतर आंकने का दोषी ठहराया। अदालत ने कहा कि जब दोषी कोर्ट में आत्मसमर्पण कर देंगे या पुलिस द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा, उसके बाद ही सजा शुरू होगी। यह सश्रम कारावास नहीं होगा। 30 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के मुख्य अभियोजक ताजुल इस्लाम ने न्यायाधिकरण के सामने मामले को पेश किया था और शेख हसीना के बयान को पीड़ितों और गवाहों को धमकाने की कोशिश बताया।

## भविष्य में भी ऐसी नीति स्वीकार नहीं करेंगे: राउत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के स्कूलों में हिंदी भाषा से जुड़े सरकारी आदेश (जीआर) के वापस होने के बाद शिवसेना सांसद संजय राउत ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि हम भविष्य में भी ऐसी नीति को स्वीकार नहीं करेंगे। महाराष्ट्र के स्कूलों में हिंदी भाषा शुरू करने को लेकर बढ़ते विरोध के बाद राज्य सरकार ने त्रिभाषा नीति के दो जीआर (सरकारी आदेश) वापस लेने का फैसला किया था। संजय राउत ने कहा कि फडणवीस को समितियां और एसआईटी गठित करने का शौक है लेकिन वह कुछ नहीं करते।

## संजीव कुमार झा बने नए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

### सुखबीर सिंह पीडब्ल्यूडी में प्रमुख सचिव

**भोपाल।** सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से जारी आदेश में चार वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। 1996 बैच के आईएएस संजीव कुमार झा वर्तमान में राजस्व मंडल ग्वालियर में सदस्य के रूप में पदस्थ है, उनको मध्य प्रदेश का नया मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही वे विधि एवं विधायी कार्य विभाग के पदेन प्रमुख सचिव (केवल निर्वाचन कार्य के लिए) होंगे। वहीं, 1997 बैच के आईएएस अधिकारी और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखबीर सिंह को लोक निर्माण विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है। ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई को लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है।

## सोनिया-राहुल गांधी की बढ़ीं मुश्किलें

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। दरअसल ईडी ने अदालत में दावा किया है कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के अधिग्रहण में फर्जी लेन-देन किया गया। असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ईडी की तरफ से अदालत में पेश हुए। एसवी राजू ने बताया कि यंग इंडियन नामक कंपनी ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का अधिग्रहण किया। एजेएल की संपत्ति 2000 करोड़



रुपये है। एजेएल के अधिग्रहण के लिए ही यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड को बनाया गया था।

एसवी राजू ने बताया कि एजेएल के निदेशक ने ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी को पत्र लिखा था, जिसमें कहा गया कि %वे कर्ज चुकाने में सक्षम नहीं हैं क्योंकि अखबार का प्रकाशन बंद हो चुका है और उनके पास आय का कोई नियमित साधन नहीं है।% एसवी राजू ने कहा कि यंग इंडियन में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे और सैम पित्रोदा प्रबंधकीय पदों पर थे। राजू ने कहा कि कंपनी एजेएल के पास करीब 2000 करोड़ रुपये की संपत्ति है, जिसका 90 करोड़ रुपये के कर्ज के बदले अधिग्रहण कर लिया गया।

यह एक धांधली है, जिसमें कोई असल लेन-देन नहीं हुआ। एजेएल का अधिग्रहण कांग्रेस ने नहीं किया बल्कि यंग इंडियन ने किया। यह एक साजिश के तहत किया गया।

## संसद की सुरक्षा में सेंध के आरोपी नीलम-महेश को राहत

**नई दिल्ली।** संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने दो आरोपियों नीलम आजाद और महेश कुमावत को जमानत दे दी है। हाईकोर्ट ने आरोपियों को 50-50 हजार रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की दो जमानतों पर राहत प्रदान की। बता दें कि 13 दिसंबर 2023 को संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में अन्य आरोपियों के साथ गिरफ्तार किया गया था।

इससे पहले निचली अदालत ने आरोपियों की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। जिसके बाद आरोपियों ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद और हरीश वैद्यनाथन शंकर की बेंच ने नीलम आजाद और महेश कुमावत को जमानत दी है। कोर्ट ने जमानत देने से पहले कुछ शर्तें भी रखी हैं। न्यायाधीश ने उन्हें मीडिया को साक्षात्कार न देने और घटना से संबंधित सोशल मीडिया पोस्ट न करने का भी निर्देश दिया।

## मुख्यमंत्री लुधियाना में 7 जुलाई को इंटरएक्टिव सेशन और उद्योगपतियों से करेंगे संवाद

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में निवेश के नए द्वार खोलने की दिशा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में चल रही औद्योगिक संवाद श्रृंखला में प्रमुख इंटरएक्टिव सेशन लुधियाना में 7 जुलाई 2025 को होने जा रहा है। बैंगलुरु और सूरत में निवेशकों से मिले सकारात्मक प्रतिसाद के बाद अब लुधियाना में तीसरा इंटरएक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपोर्चूनिटीज इन मध्यप्रदेश आयोजित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव लुधियाना के प्रमुख उद्योगपतियों, टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, इंजीनियरिंग और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर के निवेशकों के साथ सीधे संवाद करेंगे।

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया का खरगे पर पलटवार

**नई दिल्ली।** डिजिटल इंडिया मिशन पर सवाल उठाने वाले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान पर केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पलटवार किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत का बफरिंग युग कांग्रेस के शासन के साथ समाप्त हो गया है। देश अब पीएम मोदी के नेतृत्व में 5जी में स्थानांतरित हो गया है। खरगे ने केंद्र सरकार पर डिजिटल इंडिया मिशन के बारे में झूठे दावे और अधूरे वादे करने का आरोप लगाया था। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे आपको ज्ञान देने का एक और अवसर देने के लिए धन्यवाद। जब भी आपने अतीत में हमसे सवाल किए हैं, हमने परिणामों के साथ जवाब दिया है। वर्षों तक जबकि आपकी पार्टी ने डायल-अप वादे किए, हमने जमीनी स्तर पर और बड़े पैमाने पर एक विश्व स्तरीय दूरसंचार नेटवर्क, आधार और भारतनेट का निर्माण और वितरण किया।

इससे पहले डिजिटल इंडिया मिशन की दसवीं वर्षगांठ पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आधिकारिक लिंक्डइन हैंडल पर डिजिटल इंडिया का एक दशक शीर्षक से एक ब्लॉग साझा किया। उन्होंने लिखा कि दस साल पहले, हमने एक ऐसे क्षेत्र में पूर्ण विश्वास के साथ ऐसी यात्रा शुरू की थी, जहां पहले कोई नहीं गया था। जहां दशकों तक यह संदेह किया गया कि भारतीय तकनीक का उपयोग कर पाएंगे या नहीं, हमने उस सोच को बदला और भारतीयों की तकनीक उपयोग करने की क्षमता पर विश्वास किया।

## मुख्यमंत्री के वन्य-जीव रेस्क्यू सेंटर विकसित करने के निर्देश पर अमल

### वनतारा जैसे नवाचारों को अपनाने से जियो और जीने दो वन्य-जीव संरक्षण ईको-सिस्टम बनेगा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य में 'जियो और जीने दो' की भावना को केंद्र में रखकर सह-अस्तित्व आधारित ईको-सिस्टम विकसित किया जा रहा है, जिससे न केवल जैव विविधता का संरक्षण हो रहा है, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिल रहा है और वनवासियों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। प्रदेश में वन्यजीव संरक्षण की दिशा में कई नवाचार किए जा रहे हैं इनमें वन्यजीव अभयारण्यों के संरक्षण और प्रबंधन में उच्च तकनीक का अनुप्रयोग, गुजरात के 'वनतारा' से प्रेरित रैस्क्यू सेंटर, दुर्लभ जीवों जैसे चीते, घड़ियाल एवं कछुओं के एक अभयारण्य से दूसरे में पुनर्स्थापन और संरक्षित क्षेत्रों की फेंसिंग शामिल हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन विभाग के अधिकारियों को गुजरात के 'वनतारा' वन्यजीव पुनर्वास केंद्र का अध्ययन कर प्रदेश में भी ऐसा ही रेस्क्यू और एनिमल वेलफेयर प्रोजेक्ट स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल वन्यजीवों के संरक्षण और पुनर्वास में एक नई मिसाल पेश करेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के घने वनों और वन्यजीव पर्यटन को राजस्व वृद्धि का एक प्रमुख माध्यम बताया। उन्होंने वन अधिकारी-कर्मचारियों के लिए विशेष सुविधाओं और उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रोत्साहन की घोषणा की। उन्होंने यह भी बताया कि वन विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों से प्रदेश में वन क्षेत्र और राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रदेश में वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तित करने की प्रक्रिया जारी है। जैव-विविधता को बढ़ावा देने के लिए कई स्थलों को जैव-विविधता विरासत घोषित किया गया है। वन-अग्नि की घटनाओं पर विभाग की प्रतिक्रिया अब पहले से अधिक त्वरित हुई है, जो प्रभावी वन प्रबंधन को दर्शाता है।

मध्यप्रदेश में बाघों की संख्या निरंतर बढ़ रही है, जिससे प्रदेश की छवि टाइगर स्टेट के रूप में और मजबूत हो रही है। प्रदेश में अब 9 टाइगर रिजर्व हो गये हैं। बाघ संरक्षण के साथ-साथ ये रिजर्व पर्यटन उद्योग को बढ़ावा दे रहे हैं, साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बना रहे हैं। टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्रों में पर्यटकों के लिए 'बफर-सफर' योजना के अंतर्गत अनेक नई गतिविधियाँ प्रारंभ की गई हैं। अब पर्यटक प्राकृतिक स्थलों, वन और वन्य-प्राणी दर्शन के साथ ईको-पर्यटन गतिविधियों का आनंद ले रहे हैं। इससे प्रदेश में पर्यटन को नया आयाम मिलेगा और कोर क्षेत्रों पर दबाव भी कम होगा। प्रदेश में 15,000 से अधिक वन समितियाँ गठित की जा चुकी हैं, जिनकी कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं सक्रिय बनाया जा रहा है। प्रदेश में आधुनिक चिड़ियाघर और रेस्क्यू सेंटर्स विकसित किये जा रहे हैं। उज्जैन और जबलपुर में उन्नत सुविधाओं से युक्त नये चिड़ियाघर और रेस्क्यू सेंटर शीघ्र ही स्थापित किए जा रहे हैं। ओंकारेश्वर, ताप्ती और बालाघाट के सोनेवानी क्षेत्र में नए कंजर्वेशन रिजर्व बनाए जा रहे हैं, जो वन्यजीव आवासों की रक्षा करेंगे।

अफ्रीका से लाए गए चीतों की कूनो में सफल पुनर्स्थापना के बाद इन चीतों को प्रदेश एंव देश के दूसरे अभयारण्यों में बसाने की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो चुकी है। प्रदेश के बुंदेलखंड वन क्षेत्रों में फैले हुए वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीता पुनर्स्थापना की तैयारियाँ चल रही हैं, जिससे जैव विविधता में वृद्धि होगी।

# मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का जिले में आगमन 4 जुलाई को

## मुख्यमंत्री सरई में आयोजित शसक्त महिला एवं जन जाति गौरव सम्मेलन में होगे शामिल



**सिंगरौली।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 4 जुलाई को जिले के सरई अंचल में आगमन होगा मुख्यमंत्री सरई में आयोजित शसक्त महिला एवं जन जाति गौरव सम्मेलन में शामिल होगे। मुख्यमंत्री के आगमन को मद्देनजर रखते हुये देवसर विधानसभा के विधायक राजेन्द्र मेश्राम, कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश के द्वारा मुख्यमंत्री के लिए कार्यक्रम हेतु चयनित सभा स्थल सीएम राईज विद्यालय सरई के परिसर में की जा रही व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया गया। एवं तैयारियो में सलग्न अधिकारी कर्मचारियो को समय पर सभी तैयारियो को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

कलेक्टर ने विंदुवार कार्यक्रम हेतु की जा रही तैयारियो का गहनता पूर्वक निरीक्षण करते हुयें सभा स्थल पर बैठक व्यवस्था, बैरिकेंटिग, पेयजल, वाहनो के पार्किग व्यवस्था, हेलीपैड सहित सभा स्थल तक पहुच मार्ग व्यवस्था आदि का अवलोकन करते हुयें निर्देश दिया गया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के आने वाले नागरिको के लिए सेक्टरवार बैठक व्यवस्था सुनिश्चित कराये। साथ सभा स्थल तक नागरिको लाने एवं ले जाने वाले वाहनो के लिए उचित पर्किग व्यवस्था सुनिश्चित करे।कलेक्टर ने सभा स्थल पर निर्बध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ ही पेयजल, शौचालय, अग्निशमक आदि का उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देश दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा जिले के जिन विकास कार्यो का लोकापर्ण भूमिपूजन कराया जाना है उनकी सूची तैयार कर विकास कार्यो की शिलापट्टीका तैयार कराकर व्यवस्थित कर ले।

इसके अलावा भी कार्यक्रम के तैयारियो के संबंध मे कलेक्टर द्वारा महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम देवसर अखिलेश सिंह, एसडीएम माड़ा राजेश शुक्ला, नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, देवेन्द्र द्विवेदी, तहसीलदार सरई चन्द्र शेखर मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## महापौर ने पार्षद शत्रुघन लाल शाह को अपने मेयर इंन काउसिल मे किया शामिल



**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल के द्वारा अपने मेयर इन काउसिल में वार्ड क्रमांक 20 के पार्षद सत्रुधन लाल शाह को पुष्पगुच्छ देकर अपने शामिल किया गया है। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि पार्षद श्री शाह के मेयर इंन काउसिल में शामिल होने से नगर विकास में उनका सहयोग प्राप्त होगा। इस अवसर पर मेयर इन काउसिल के सदस्य खुर्शीद आलम, शशि पुष्पराज ,अंजना शाह,शिवकुमारी,अर्चना विश्वकर्मा ,श्यामला,रीता देवा प्रजापति,बबली शाह,रूकमन प्रजापति सहित नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा, सहायक आयुक्त रूपाली द्विवेदी, कार्यपालन यंत्री प्रदीप चड़ार, लेखा अधिकारी अनुपम दुबे, सहायक यंत्री प्रवीण गोस्वामी,आलोक टीरू, सहायक विधि अधिकारी अक्षत उपाध्याय, प्रभारी अधिकारी नवजीवन विहार संतोष तिवारी उपस्थित रहे।

# सर्पदंश से घबराएं नहीं, एक घंटे के भीतर लगवाए एंटीवेनम

**सिंगरौली।** इन दिनों बारिश का मौसम शुरू होने के साथ वातावरण में लगातार तापमान अधिक रहता है। सांप तथा अन्य जीव जंतुओं के छिपने के स्थान में पानी भर जाने के कारण उनका सतह पर विचरण शुरू हो जाता है इसलिए बारिश में सांप एवं अन्य जहरीले जंतुओं के काटने की घटनाएं लगातार देखने और सुनने को मिलती आ रही है। ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एनके जैन ने आम जनता को सर्प दंश से बचाव तथा उपचार की सलाह दी है और कहा है कि झाड़ फूंक में समय न गवाये। समय रहते 1 घंटे के भीतर एंटी वेनम जरूर लगाए। ताकि जिंदगी को बचाया जा सके।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सिंगरौली डॉक्टर एनके जैन सिंगरौली जिले वासियों से अपील किया है कि इन दिनों जिले में जहरीले सांप मौसम के चलते सतह पर विचरण कर रहे हैं। में जहरीले सांपों के चलते आए दिन घटनाएं देखने और सुनने को मिल रही है। इन जहरीले सांपों के काटने से एक घंटे केअवधि में सही उपचार नहीं मिलता तो पीड़ित की जान चली जाती है। ऐसे में सांप काटने के बाद 1 घंटे की अवधि में सही उपचार होने पर पीड़ित की जान आसानी से बचाई जा सकती है। सांप काटने के तत्काल बाद निकट के अस्पताल जाकर 1 घंटे के भीतर एंटी वेनम इंजेक्शन लगवाए। यह इंजेक्शन सिंगरौली जिले के सभी विकास खंडो तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला अस्पताल में उपलब्ध है। समय पर इंजेक्शन लगने पर जान का खतरा समाप्त हो जाता है। श्री जैन ने कहा कि सांप काटने के स्थान पर तीखी जलन होती है। पीड़ित को अवसाद, उल्टी आना, लकवा तथा आंख की पुतलियां के फैल जाने के लक्षण दिखाई देते हैं। विष का प्रकोप होने के बाद पीड़ित में मांसपेशियों में ऐंठन और चेतना हीनता हो जाती है। इसके बाद सांस रुकने से मौत हो जाती है। विष का सर्वाधिक असर तंत्रिका तंत्र और सांस लेने में होता है। कई बार सांप के काटने के स्थान पर सूजन आ जाता है और कटा हुआ स्थान काला पड़ जाता है। सांप काटने के बाद हाथ पैरों में झनझनाहट, चक्कर आना, पसीना छूटना, दम घुटने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री जैन सिंगरौली वासियों से अपील किया है कि झोलाछाप डॉक्टरों तथा झाड़ फूंक करने वालों के चक्कर में पड़कर समय न गवाएं। सर्पदंश से पीड़ित के काटने के स्थान से थोड़ा ऊपर हल्की पट्टी बांधे।काटने के स्थान पर चिरा न लगाये। इससे संक्रमण का खतरा रहता है। श्री जैन ने कहा कि सर्प दंश तथा अन्य जहरीले कीड़ों के काटने से बचने के लिए कुए, अंधेरे गड्ढे, झाड़ियां आदि में हाथ न डालें। घर से बाहर निकलते समय जूते अवश्य पहनें।ठंडे,अंधेरे और नम स्थान में सांप छिपते हैं। ऐसे स्थान में जाने से बचे।

# मुख्यमंत्री के सरई आगमन पर कांग्रेस ने सीएम से मिलने का मांगा समय

## क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर सौंपेगा 21 सूत्रीय ज्ञापन



**सिंगरौली।** क्षेत्रीय जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस एक बार फिर सक्रिय हुई है। सिंगरौली जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरई अध्यक्ष रणबहादुर सिंह ने अपनी टीम के साथ मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रस्तावित सरई दौरे को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की गंभीर समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने का निर्णय लिया है, जिसे फिलहाल तहसीलदार सरई को सौंपकर मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा गया है। ज्ञापन पत्र में कुल 21 प्रमुख मांगें शामिल हैं, जिनमें सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली और रोजगार जैसी ज्वलंत समस्याओं का विशेष उल्लेख किया गया है। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि इन बुनियादी समस्याओं से सरई क्षेत्र की आम जनता त्रस्त है और इनका शीघ्र समाधान आवश्यक है। ज्ञापन में मांग की गई है कि क्षेत्र की जर्जर सड़कों का शीघ्र निर्माण किया जाए, पेयजल संकट के स्थायी समाधान हेतु नई योजनाएं लाई जाएं, बिजली की अनियमित आपूर्ति को सुधारा जाए, और स्वास्थ्य सेवाओं में डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रणबहादुर सिंह ने कहा कि कांग्रेस हमेशा जनहित में कार्य करती रही है और इस ज्ञापन के माध्यम से सरकार को जनता की आवाज सुनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन कांग्रेस प्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री से मिलने का अवसर देता है तो वे सभी समस्याएं प्रत्यक्ष रूप से उनके समक्ष रखेंगे। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन कांग्रेस प्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री से मिलने का समय देता है या नहीं। फिलहाल कांग्रेस का यह कदम सरई क्षेत्र की उपेक्षित समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने की एक सार्थक पहल मानी जा रही है।

# एनसीएल कालोनी के सुने आवासों को निशाना बनाने वाले 2 शातिर चोर गिरफ्तार

## मोरवा में 3 घरों का ताला तोडकर की थी चोरी, करीब 3 लाख के घरेलू सामान बरामद




**सिंगरौली।** बीते कुछ दिनों से मोरवा स्थित एनसीएल कॉलोनी के सूने पड़े आवासों को निशाना बनाया जा रहा था। शातिर चोर घरों में सेंधमारी कर घरेलू सामान उठा ले जा रहे थे। जिसपर थाना प्रभारी मोरवा उमेश प्रताप सिंह द्वारा गंभीरता से लेते हुये तीन अलग अलग टीमें बनाकर चोरों की तलाश की जाने लगी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर जल्द ही 2 चोरों को गिरफ्तार कर लिया। जिनसे पूछताछ में तीन बडी चोरियों सहित अन्य छोटी चोरियों का खुलासा हुआ और करीब 3 लाख का घरेलू सामान बरामद कर लिया गया।

गौरतलब है कि बीते माह 26 जून को फरियादी कुंवर प्रताप सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके सुने आवास पर सेंधमारी कर 70 हजार का सामान अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। मोरवा पुलिस ने अप.क्र. 387/25 धारा 331 (4),305(ए) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। वहीं फरियादी क्वाटर नं. 1 बी 108 ने तहरीर दी कि वह 1 जून से 18 जून तक छुट्टी में बाहर गए थे, वापस आकर देखा तो घर का ताला टूटा था एवं एक बडी टीवी लैपटाप सहित करीब 80 हजार रुपये सामान अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है, इस मामले में अप.क्र.402/25 कायम कर विवेचना में लिया गया, एक अन्य फरियादी राजू कुमार कालोनी क्वाटर नं. 1 बी 43 ने थाना आकर रिपोर्ट कि दिनांक 17 जून से एक सप्ताह तक बाहर गये थे घर पर कोई नही था आकर देखे तो चोरी हो गई थी जिसमें 90 हज़ार रुपये का कीमती सामान चोरी हो गया था, इस मामले में भी मोरवा पुलिस द्वारा अपराध सदर कायम किया गया। मुखबिर सूचना पर लगातार प्रयास के बाद शातिर बदमाश विकाश बाल्मीकि पिता रवी बाल्मीकि उम्र 23 वर्ष निवासी एनसीएल कालोनी द्वारा चोरियां किया जाना पता चलने पर घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उक्त बदमाश अपने एक अन्य साथी छोटा अण्डा उर्फ नीरज दास पिता नन्हकू दास उम्र 20 वर्ष निवासी मोरवा के साथ दिन में सूने घर की तलाश रैकी करता था एवं रात में दोनों घरों का ताला तोडकर चोरी करते थे। आरोपी के घर एवं अन्य स्थान से चोरी का घरेलू सामान लगभग तीन लाख रुपये का जप्त किया गया, तथा आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।उक्त कार्यवाही में उप निरी. एनपी तिवारी, सउनि उमेश अग्निहोत्री, डीएन सिंह, पिन्टू राय, संतोष सिंह, प्रआर अर्जुन सिंह,कुलदीप शर्मा, विवेक सिंह, धर्मेन्द्र सोनी, विपिन तोमर, आर. आकाश, तुलसीराम, दशरथ मांझी, एसडीओपी कार्यालय से अब्दुल कादिर जितेन्द्र जाट शामिल थे।

# लायंस क्लब विद्युत विहार के द्वारा मनाया गया डॉक्टर्स तथा सीए डे सम्मान समारोह



**सिंगरौली।** क्लब अध्यक्ष लायन सुभाष चंद्र बैस की अध्यक्षता में लायंस क्लब विद्युत विहार के द्वारा डॉक्टर्स व सीए डे सम्मान समारोह का कार्यक्रम काइट्स राइट्स पब्लिक स्कूल बैढ़न के प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन तथा दीप प्रज्वलन से किया गया, जिसमें डॉ.ओपी राय, लायन डॉ डीके मिश्रा, डॉ राजेश बैस, डॉ सरिता शाह, डॉ विभा चौरसिया, लायन सीए ओम प्रकाश सिंह, लायन सीए सौरभ टंडन, सीए कृष्ण कुमार बैस, सीए स्वागत अग्रवाल उपस्थित थे। उपस्थित सभी का सम्मान श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह देकर किया गया। उपस्थित डॉक्टरों ने अलग-अलग मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत किए, इसके साथ ही उपस्थित सभी सीए ने अपने विचार रखें जिसमें कहा गया कि सभी लोगों को समय पर अपना टैक्स जमा करना चाहिए तथा भारत के विकास में अपना योगदान दें और अपना काम इमानदारी से करें समाज में हम सब की जहां भी जरूरत पड़ेगी हम सब उपस्थित रहेंगे। लायंस क्लब विद्युत विहार के सभी सदस्यों द्वारा उपस्थित अतिथियों का सम्मान किया गया तथा उनके वक्तव्य को सुना गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल जीएसटी कोऑर्डिनेटर लायन एस पी सिंह, रीजन चेयरपर्सन लायन अमित राज, जोन चेयरपर्सन लायन श्याम नारायण सिंह, सचिव लायन अशोक उपाध्याय, कोषाध्यक्ष लायन सतीश चौरसिया, प्रोग्राम चेयरपर्सन लायन प्रशांत सिंह ,सर्विस चेयरपर्सन लायन नटवर दास अग्रवाल, उपाध्यक्ष लायन डॉ रवि भूषण, लायन विजय नारायण सिंह, लायन उमेश जायसवाल, लायन पंकज सिंह, लायन विनोद शाह उपस्थित रहे।

# सीएम से 97.67 लाख के कीटाणुरोधी दवाई खरीदी की होगी शिकायत, डीईओ की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

## सरकारी स्कूलों के शौचालय के लिए बाजार दर से कई गुना अधिक में खरीदा कीटाणुरोधी गोलियां व स्प्रे, अब तक नहीं पहुंची दवाईयां

**सिंगरौली।** सीएम डाक्टर मोहन यादव का 4 जुलाई को एक दिवसीय दौरा प्रस्तावित होने के बाद डीईओ की चिंता बढ़ा दी है। चर्चा है कि बिना जरुरत के शिक्षा विभाग द्वारा करीब 97.67 लाख के कीटाणुरोधी गोलियां और स्प्रे की खरीदी की है। जबकि हालत यह है कि 90 फ़ीसदी स्कूलों के शौचालय में पानी की व्यवस्था न होने से उपयोग नहीं हो रहा है। वही आरोप लगाए जा रहे हैं कि खरीदे गए कीटाणुरोधी दवाइयां बाजार मूल्य से कई गुना अधिक कीमत पर खरीदे गए हैं। सरकारी पैसों के दुरुपयोग को लेकर मुख्यमंत्री से शिकायत करेंगे।

बता दें कि सीएम मोहन यादव एक दिवसीय दौरे पर सिंगरौली पहुंच रहे हैं। चर्चा है कि डीईओ की कीटाणुरोधी दवाइयों की खरीदी को लेकर सीएम से शिकायत की जाएगी। दरअसल अधिकतर सरकारी स्कूलों में पानी के अभाव में शौचालय बंद होने के बावजूद जिला शिक्षा अधिकारी ने कीटाणुनाशक दवाइयां बाजार मूल्य से अधिक दामों में खरीदें हैं। जिले भर के स्कूलों के लिए कीटाणुरोधी गोलिया सोडियम डायक्लोआइसोस्यान्यूरेट (एनएडीसीसी) व स्प्रे की जेम पोर्टल से 97 लाख 67 हजार 790 रुपये की खरीदी की गई है। ऐसे में ये सवाल उठने लगा है कि शिक्षा विभाग करोड़ों रुपए से कीटाणुरोधी गोलिया और स्प्रे की भारी मात्रा खरीद कर कहा इस्तेमाल करेगा।

# मोहर्रम को लेकर मोरवा थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न



**सिंगरौली।** आगामी 6 जुलाई को मुस्लिम समुदाय द्वारा मोहर्रम में मातमी जूलूस निकाला जाना है। इसे लेकर मोरवा नगर निरीक्षक उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आहूत की गई। जिसमें सभी समुदाय से लोग मौजूद रहे। थाना प्रभारी ने सरकार के नियमों का पालन करते मोहर्रम शांति पूर्वक मनाने की अपील की। उन्होंने संबंधित जिम्मेदार लोगों को जुलूस में शामिल लोगों से अनुशासन बनाए रखने समेत पहले से रूट पर ही ताजिया ले जाने की अपील की। उन्होंने कहा की इस दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वाले की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारी या मोरवा थाने को दें। साथ ही जुलूस के दौरान धारदार हथियार से प्रदर्शन ना करें। इस दौरान ताजिया की ऊंचाई समेत यातायात व्यवस्था के विषय में उन्होंने समुदाय के लोगों से जानकारी ली। शांतिपूर्ण जुलूस निकालने को लेकर विभिन्न समुदायों द्वारा दिए गए सुझाव पर विचार करते हुए उन्होंने नगर निगम से विद्युत व्यवस्था बहाल रखने के साथ चुनिंदा जगह पर पर्याप्त रोशनी रखने के लिए पत्र लिखने की बात कही है।

# पीएचई कार्यपालन यंत्री का निलंबन फिर 13 दिन बाद बहाली

## जल जीवन मिशन की प्रगति रही नगण्य, मुख्य अभिंयता ने किया था निलंबित



**सिंगरौली।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पदस्थ कार्यपालन यंत्री त्रिलोक सिंह बरकड़े का निलंबन एवं उसके ठीक 13 दिन बाद बहाली सवालों के घेरे में आ गई है। 13 दिनों के अंदर ऐसा क्या हुआ कि कार्यपालन यंत्री को बहाल कर सिंगरौली पदस्थ कर दिया गया। हालांकि निलंबन के पूर्व बरकड़े के पास सिंगरौली का अतिरिक्त प्रभार था। इधर बता दे कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री त्रिलोक सिंह बरकड़े 24 अप्रैल के पूर्व तक सीधी में पदस्थ थे और इस दौरान कार्यपालन यंत्री बरकड़े के पास सिंगरौली का अतिरिक्त प्रभार था। 22 अप्रैल 2025 को जल जीवन मिशन एवं विभागीय कार्यो की समीक्षा बैठक भोपाल स्तर से की गई थी। जिसमें त्रिलोक सिंह बरकड़े प्रभारी कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सिंगरौली द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यो की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की गई। जल जीवन मिशन के कार्यो यथा-एफएचटीसी, हर घर जल योजना के ग्राम पंचायतों के हस्तांतरण तथा अनुबंध अवधि समाप्त होने के उपरांत भी योजनाएं पूर्ण किये जाने संबंधी कार्यो की प्रगति नगण्य रही है। जिसके कारण कार्यपालन यंत्री त्रिलोक सिंह पीएचई सीधी एवं प्रभारी कार्यपालन यंत्री अतिरिक्त सिंगरौली को 24 अप्रैल को मुख्य अभिंयता कार्यालय भोपाल से निलंबित कर दिया गया। लेकिन हैरानी की बात है कि कार्यपालन यंत्री बरकड़े ने निलंबन के विरूद्ध अभ्यावेदन प्रस्तुत कर वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुये निलंबन से बहाल किये जाने का आग्रह किया था। जहां उक्त अभ्यावेदन पर विचार उपरांत अवर सचिव म.प्र. शासन पीएचई भोपाल के द्वारा 7 मई को बहाल कर सिंगरौली खण्ड में पदस्थ कर दिया गया। अब सवाल उठ रहा है कि जिन योजनाओं के कार्यो की प्रगति पिछले कई सालों से नगण्य रही, वह 13 दिनों के अंदर कैसे ठीक-ठाक हो गया। कार्यपालन यंत्री 13 दिनों के अंदर बहाली किये जाने को लेकर प्रदेश सरकार एवं पीएचई के कुछ अधिकारी के साथ-साथ मंत्री भी सवालों के कटघरें में आ गये। वही सवाल यह भी उठाया जा रहा है कि कार्यपालन यंत्री बरकड़े को सीधी-सिंगरौली में ही क्यों पदस्थ किया जाता है और जब निलंबन के पूर्व सीधी के साथ-साथ सिंगरौली का प्रभार था, फिर बहाली के बाद सिंगरौली में पदस्थापना क्यों की गई। हालांकि इसका जवाब विभागीय उच्च अधिकारी भी नही दे पा रहे हैं।

### जिले के पालक मंत्री के विभाग का है मामला

प्रदेश सरकार के केबिनेट लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग म.प्र. शासन भोपाल सम्पतिया उइके विभाग का यह मसला है। पीएचई मंत्री को सिंगरौली के प्रभारी मंत्री भी हैं। जहां इन दिनों पीएचई विभाग चर्चाओं में बना हुआ है। वही सीधी से निलंबित निलंबित कार्यपालन यंत्री बरकड़े को 13 दिन के अंदर बहाल कर सिंगरौली खण्ड का जिम्मा सौप दिया जाए , यह चर्चा का विषय बना हुआ है। आखिर कार इस बात की चर्चाएं हो रही हैं कि निलंबित कार्यपालन यंत्री कौन ऐसा जादू किया कि एक खुद के अभ्यावेदन में सब कुछ ठीक-ठाक हो गया। कहीं न कहीं विपक्षी दलों को सरकार के खिलाफ बोलने के लिए मौका जरूर मिल गया है।

### मंत्री ने भीषण गर्मी में भी नही किया था पेयजल की समीक्षा

जिले में इस वर्ष गर्मी के महीने में पेयजल की भारी किल्लत रही है। कई गांवों के हैंडपंप व राईजर पाईप के अभाव से ड्राई हो गये थे। भू-जल स्तर नीचे खिसकने के कारण जिले के कई गांवों में बाल्टी भर पानी के लिए त्राहि-त्राहि मची थी। हालांकि कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला पेयजल समस्या को लेकर गंभीर थे और जानकारी मिलने पर संबंधित गांव में टीम भेजकर बिगड़े हैंडपंपों का मरम्मत एवं टैंकरों से पेयजल की आपूर्ति भी कराया। वही 18 एवं 19 मई को दो दिवसीय पीएचई एवं जिले के प्रभारी मंत्री का दौरा हुआ था। लेकिन उन्होंने अपने विभाग की समीक्षा नही की। जिले में पेयजल की स्थिति क्या है, उस पर चर्चा करना ही उचित नही समझा था। उसके पीछे कारण बरकड़े हो सकते हैं।

# दीक्षारम्भ समारोह में छात्रों को नई शिक्षा नीति एवं महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई




**सीधी।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी मध्य प्रदेश में दीक्षारंभ समारोह के दूसरे दिवस के प्रारंभ में महाविद्यालय के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम नारायण स्वर्णकार द्वारा कुमकुम का टीका लगाकर स्वागत करते हुए परिचय प्राप्त किया गया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं को विभिन्न विभागों एवं प्रकोष्ठों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। डॉ. दिलीप कुमार सोनी जिला नोडल नई शिक्षा नीति 2020 के द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई उनके द्वारा बताया गया कि नई शिक्षा व्यवस्था पुरानी शिक्षा व्यवस्था की अपेक्षा अत्यधिक लचीली, विकल्प युक्त, रोजगार मूलक एवं प्रयोगात्मक है। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रथम वर्ष द्वितीय वर्ष या तृतीय वर्ष में पढ़ाई छोड़ने पर वह पढ़ाई निरर्थक नहीं होती। प्रत्येक वर्ष का सर्टिफिकेट, डिप्लोमा या डिग्री प्राप्त हो जाते है जो कभी भी पढ़ाई के पुनरारंभ के लिए उपयोगी होते हैं। इसी प्रकार विषय चयन में अत्यधिक स्वतंत्रता है इलेक्टिव अथवा वोकेशनल विषय के रूप में विद्यार्थी अपने संकाय के इतर विषय का चयन कर सकता है।

द्वितीय वक्त के रूप में डॉ. दिवाकर सिंह पुस्तकालय प्रभारी ने महाविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय का परिचय प्रदान करते हुए उसमें उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की उन्होंने बताया कि पुस्तकालय में रीडिंग रूम उपलब्ध है जहां बहुत ही अच्छी पुस्तक पढ़ने के लिए उपलब्ध होती हैं। कई प्रकार की महत्वपूर्ण पत्रिकाएं जो व्यक्तिगत रूप से हासिल नहीं की जा सकती वह पुस्तकालय में उपलब्ध होती हैं। साथ ही डिजिटल लाइब्रेरी के माध्यम से ऑनलाइन पत्र पत्रिकाएं एवं पुस्तकों के अध्ययन की व्यवस्था पुस्तकालय में है।

एनसीसी विभाग के प्रभारी डॉ. उमाकांत साहू ने एनसीसी के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि एनसीसी में छात्र का चयन उसकी मानसिक एवं शारीरिक दक्षता के आधार पर होता है तथा एनसीसी में चयनित छात्रों को प्रशिक्षित किया जाता है एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है जो सुरक्षा के क्षेत्र की नौकरियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं। क्रीडा विभाग के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. रविंद्र सिंह ने क्रीडा विभाग का परिचय देते हुए बताया कि जीवन में खेलों के महत्व को उच्च शिक्षा विभाग ने प्रमुखता दी है यहां कई विधाओं में खेल का प्रशिक्षण होता है तथा महाविद्यालय, जिला, संभागीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए छात्र-छात्राओं को तैयार किया जाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ रावेंद्र बहादुर सिंह, डॉ. पी के सिंह, डॉ. प्रभाकर सिंह सहित सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जिले में औसत वर्षा 243.6 मि.मी. दर्ज, सर्वाधिक वर्षा सिहावल में

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 01 जुलाई को सीधी जिले में 17.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 0.0 मि.मी., चुरहट में 5.0 मि.मी., गोपद बनास में 44.6 मि.मी., सिहावल में 8.4 मि.मी., बहरी में 31.2 मि.मी., मझौली में 6.0 मि.मी. और कुसमी में 26.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 226.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 01 जुलाई तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 370.2 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 97.5, चुरहट में 171.5, गोपद बनास में 190.2, बहरी में 333.3 मझौली में 282.2 मि.मी. और कुसमी में 261.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 111.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 132 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# हेमंत खंडेलवाल के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर जिले भर में मनाया गया जश्न



**सीधी।** मध्यप्रदेश भाजपा प्रदेश संगठन चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान एवं संगठन के प्रदेश चुनाव अधिकारी विवेक नारायण शेजवलकर ने हेमंत खंडेलवाल को मध्य प्रदेश भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने की घोषणा की। निर्वाचन की घोषणा के पश्चात ही पूरे मध्य प्रदेश के साथ-साथ सीधी जिले के सभी मंडलों में भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान के दिशा निर्देशन में जश्न मनाया गया।

प्रमुख कार्यक्रम जिला भाजपा कार्यालय में गाजे बाजे एवं शानदार आतिशबाजी के बीच पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर बधाई देते हुए जश्न मनाया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र सिंह मुन्नू, जिला उपाध्यक्ष सरस्वती बहेलिया, अनिल पाण्डेय, अमलेश्वर चतुर्वेदी, संदीप शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय सिंह चौहान, जिला महामंत्री विनोद साकेत, जिला मंत्री सुनीता रानी वर्मा, अमित प्रधान, पूजा सिंह कुशराम, सुरेंद्र मणि दुबे, भानु पाण्डेय, पुनीत नारायण शुक्ला, पूनम सोनी, राकेश मौर्य, मंडल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय, प्रदीप शुक्ला, दिनेश गुप्ता, अन्नू पाण्डेय, अजय सिंह परिहार, नरेंद्र गौतम, संगीता सिंह, रन्नू साकेत, निशा सिंह चौहान, धर्मेंद्र सोनी, कौशलेंद्र सिंह, संजीव तिवारी, जय सिंह चौहान, कंचन केसरी, आरती सिंह चौहान, अनिल सिंह चौहान, विवेक सिंह चौहान, मुन्ना लाल चौधरी सहित दर्जनों पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मृत्यु के बाद किसी को जीवन का उपहार देना सिर्फ दान नहीं, अमरता है : मुख्यमंत्री

**शहडोल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देहदान या अंगदान करने वालों के परिजन को राज्य सरकार 26 जनवरी एवं 15 अगस्त के कार्यक्रमों में सम्मानित करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मृत्यु के बाद किसी को जीवन का उपहार देना सिर्फ दान नहीं, बल्कि यह अमरत्व प्रदान करने जैसा है।

# कलेक्टर ने की रीवा-सीधी-सिंगरौली रेल लाईन की समीक्षा

### रेलवे तथा राजस्व अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें : कलेक्टर



**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने रीवा-सीधी-सिंगरौली रेल लाईन के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि रेलवे तथा राजस्व अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। रेलवे विभाग के अधिकारी कार्यों के प्राथमिकता क्रम को निर्धारित करते हुए राजस्व अधिकारियों के सतत संपर्क में रह कर कार्य मे प्रगति लाएं।

सीधी सिंगरौली नई रेल लाइन परियोजना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को भू-अर्जन के काम को समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने लंबित रकबों के भू-अर्जन के धारा 11, 19, 21 की कार्यवाही निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। जो भुगतान लंबित है उनकी कमियों को दूर करते हुए अगले एक सप्ताह में भुगतान की कार्यवाही पूर्ण करायें। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों से समन्वय बनाकर काम करने के लिए निर्देशित किया, ताकि कार्य समय सीमा में पूर्ण हो। बैठक में उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, चुरहट शैलेष द्विवेदी, सिहावल प्रिया पाठक, उप मुख्य अभियंता निर्माण रीवा घमंडी लाल मीणा, उप मुख्य अभियंता सीधी अवलीश मीणा, सहायक कार्यकारी अभियंता निर्माण सीधी अविनाश कुमार, वरिष्ठ खंड अभियंता निर्माण सीधी गिरधर मीणा, कुलदीप शर्मा उपस्थित रहे।

## धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आयोजित होगे शिविर

**शहडोल।** धरती आबा जन भागीदारी अभियान के तहत जनजाति समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ पहुंचाने जिले के चिन्हित ग्राम पंचायत अंतर्गत ग्रामों में जागरूकता एवं लाभ संतृप्त शिविर तिथिवार आयोजित किए जा रहे हैं। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री आनंद राय सिन्हा ने बताया कि 05 जुलाई तक जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम पंचायत अंतर्गत चिन्हित ग्रामो मे पडमानिया कला, पतखई, पोंगरी, छाता, सामतपुर, कोदवाखुर्द, चांपा, कठौतिया, देवगंवा, जरवाही, कटहरी, सिमरिहा,देवगईं, दूधी जोधपुर, जुगवारी, नवलपुर, नरगी,पड़रिया, नरवार, कुंवरसेजा में शिविर आयोजित होंगे।

### शासकीय कन्या महाविद्यालय दीक्षारंभ समारोह

# तिलक एवं पुष्प वर्षा के माध्यम से नव प्रवेशितों का स्वागत




**सीधी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में नवीन सत्र 2025-26 के नव प्रवेशित विद्यार्थियों हेतु दीक्षारम्भ कार्यक्रम आयोजित किया गया। उल्लेखनीय रूप से संस्था में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत भारतीय परंपरानुसार तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा के माध्यम से किया गया। संस्था के नवीन विद्यार्थियों को संस्था की उपलब्धियों, परंपराओं एवं सुविधाओं से परिचित करवाने के उद्देश्य से स्नातक व स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के साथ समस्त संकायों के प्राध्यापक भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। संस्था के प्राचार्य प्रो. देवेन्द्र सोनी ने एनएसएस इकाई जैसी उल्लेखनीय संस्थागत उपलब्धियों से सभी को अवगत करवाया। साथ ही उन्होंने एकाग्रचित्त होकर संस्था में अध्ययन करते हुए अपने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु विद्यार्थियों का आह्वान किया, एवं इस प्रक्रिया में संस्था के हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। संस्था के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने नव प्रवेशितों को उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनायें प्रेषित की। कार्यक्रम की संयोजक एवं समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिमा कौल ने विद्यार्थियों को संस्थान के पुस्तकालय, एनएसएस इकाई आदि अन्य मूलभूत शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक सुविधाओं एवं गतिविधियों से परिचित करवाया।

तत्पश्चात प्रत्येक विभाग के विभिन्न प्राध्यापकों ने अपने अपने विभाग का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। दीक्षारम्भ कार्यक्रम के माध्यम से संस्था में प्रवेशित विद्यार्थियों को संस्था की परंपरा में घुलने-मिलने एवं भविष्य निर्माण की रुपरेखा बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ।

## सीधी-सिंगरौली राष्ट्रीय राजमार्ग के संधारण की कार्यवाही की जा रही है

**सीधी।** संभागीय प्रबंधक मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम ने जानकारी देकर बताया कि सीधी-सिंगरौली राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-39) के कार्य की प्रगति अत्यधिक धीमी होने के कारण संविदाकार मेसर्स तिरूपति बिल्डकॉन प्रायवेट लिमिटेड बुढ़ार, का अनुबंध दिनांक 06.05.2025 को निरस्त कर दिया गया है। वर्षाकाल में मार्ग पर यातायात परिवहन सुसंचालन के लिए विभागीय स्तर पर जोनल ठेकेदार के माध्यम से संधारण किया जा रहा है। उक्त के अतिरिक्त राशि 11.78 करोड़ की निविदा मरम्मत कार्य हेतु दिनांक 02.07.2025 को खोली जावेगी, तदोपरांत आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य नवीन एजेंसी के माध्यम से आगामी 20 दिवस में किया जायेगा। सीधी-सिंगरौली मार्ग के शेष निर्माण कार्य की निविदा के लिए स्वीकृति एमओआरटी एण्ड एच से आपेक्षित है, स्वीकृति उपरांत निविदा की कार्यवाही पूर्ण की जावेगी।

## कन्या महाविद्यालय शहडोल में तिलक लगाकर नव प्रवेशित छात्राओं को कराया गया प्रवेश

**शहडोल।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार मंगलवार को शासकीय इंदिरा गांधी कन्या महाविद्यालय, शहडोल में दीक्षारंभ समारोह आयोजित किया गया। दीक्षारंभ समारोह में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के प्रोफेसरो ने तिलक लगाकर तथा करतल ध्वनि से स्वागत किया। दीक्षारंभ समारोह में बताया गया कि छात्र छात्राओं का विद्यालय से महाविद्यालय में आगमन के साथ ही एक संक्रमण काल प्रारंभ हो जाता है। विद्यालय की तुलना में यहां स्वतंत्रता अधिक होती है जिसका नकारात्मक एवं सकारात्मक उपयोग स्वयं छात्र छात्राओं पर निर्भर होता है इसलिए इस काल में छात्र छात्राओं को प्रत्येक कदम बड़े सावधानी के साथ बढ़ाना चाहिए। दीक्षारंभ समारोह में आध्यात्म एवं योग से जोड़ते हुए संदेश दिया की महाविद्यालयीन वातावरण के नैतिक होने पर ही शैक्षणिक सार्थकता हासिल हो सकेगी। विद्यार्थी मन लगाकर के पढ़ाई करें। दीक्षारंभ समारोह में प्रोफेसरो द्वारा महाविद्यालय के स्वशासी प्रकोष्ठ की भूमिका, परीक्षा संरचना तथा पाठ्यक्रम, ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया जैसे अन्य विषयों पर नव प्रवेशित विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारियो से अवगत कराया गया।

# स्व सहायता समूह सीसीएल ऋण के संबंध में समन्वय बैठक आयोजित




**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी अंशुमन राज के मार्गदर्शन में जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेंद्र कुमार सिंह, अवध बिहारी चौधरी अग्रणी जिला प्रबंधक यूबीआई बैंक सीधी, आशीष पाण्डेय क्षेत्रीय प्रबंधक मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक की उपस्थिति में, एकता सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र सीधी में मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की टीम के साथ समन्वय सह उन्मुखीकरण बैठक का आयोजन किया गया।

उक्त बैठक में उपस्थित अवध बिहारी चौधरी एलडीएम यूबीआई सीधी, आशीष पाण्डेय क्षेत्रीय प्रबंधक एमपीजीबी सीधी, अजय सावनेर अग्रिम प्रबंधक एमपीजीबी, राजीव रंजन शाखा प्रबंधक यूबीआई कलेक्ट्रेट कैम्पस, मनाली सोनटक्के आरडीओ, यूबीआई डीपी कॉम्प्लेक्स द्वारा स्व-सहायता समूहों के सीसीएल ऋण वितरण के संबंध व्यवहारिक एवं तकनीकी परिवर्तन के कारण आ रही समस्याओं का कैसे निराकरण किया जाये, पर चर्चा की गई। समूहों को वित्तीय रूप से किस तरह से सशक्त किया जाये, के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

सूक्ष्म वित्त जिसे माइक्रोफाइनेंस भी कहा जाता है, कम आय वाले व्यक्तियों और समूहों को वित्तीय सेवायें प्रदान करने की एक प्रणाली है, जिनकी अक्सर पारंपरिक बैंकिंग सेवाओं तक पहुँच नहीं होती है। इसमें सीसीएल ऋण, बचत खाते, बीमा और धन हस्तांतरण जैसी सेवायें शामिल हैं। सूक्ष्म वित्त का उद्देश्य उन समूहों एवं समूह सदस्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है, जो गरीब हैं या जिनके पास सीमित आय है, ताकि सूमह एवं समूह सदस्य अपना व्यवसाय शुरू कर सकें या मौजूदा व्यवसायों का विस्तार कर सकें, अपनी आय बढ़ा सकें और अपने जीवन स्तर में सुधार कर सकें।

कार्यक्रम के अंत में पुष्पेन्द्र कुमार सिंह जिला परियोजना प्रबंधक द्वारा आये हुये सभी बैंक अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुये धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस दौरान आजीविका मिशन जिला स्तर से देवेश मिश्रा कौशल, शैलेन्द्र द्विवेदी जिला प्रबंधक (लघु उद्यमिता विकास), अजय सिंह जिला प्रबंधक सूक्ष्म वित्त, प्रशांत कुमार मिश्रा सहायक जिला प्रबंधक (सामुदायिक प्रशिक्षण), हरि राम त्रिपाठी युवा सलाहकार (एसआईएसडी), विजय गोस्वामी प्रभारी जिला प्रबंधक (कृषि) एवं विकासखण्ड स्तर से सुरजीत सिंह प्रभारी विकासखण्ड प्रबंधक कुसमी, चंद्रकांत सिंह विकासखण्ड प्रबंधक मझौली, विनोद मिश्रा प्रभारी विकासखण्ड प्रबंधक रामपुर नैकिन, अशोक पाण्डेय प्रभारी विकासखण्ड प्रबंधक सीधी, अखिलेश त्रिपाठी प्रभारी विकासखण्ड प्रबंधक सिहावल एवं विकासखण्ड समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग, सम्राट चौक, सीधी (म.प्र.)**
PHONE No. 07822-297539 E-mail:-piusidhi@gmail.com

एन.आई.टी. नं. - 19/2025/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सीई/पी.डब्ल्यू.डी./भवन/1733 रीवा, दिनांक:-26/06/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:-

| स.क्र. | पोर्टल टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पी.ए.सी.) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ई.एम.डी.) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | 90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWPIU_433670_1 | जिला सीधी अन्तर्गत एसडीएम कार्यालय कुसमी, संयुक्त तहसील भवन हनुमानगढ़ और मडवाश कार्यालय भवन सीधी के लिए गोदरेज इंटेरियो फर्नीचर की आपूर्ति (द्वितीय आमंत्रण) | सीधी | 34.00 | 50000.00 | 5000 | 04 माह | हां |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http:// mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 30/06/2025 समय 10:00 से दिनांक 14/07/2025 समय 18:00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-15073/25

कार्यपालन यंत्री ( भवन )
लोक निर्माण विभाग, सीधी

## संपादकीय

# राह चलते मामूली बातों पर हो रहा विवाद

पिछले कुछ वर्षों से शहरों-महानगरों में सड़कों पर यह विडंबना तेजी से बढ़ी है कि बेहद मामूली बात पर दो पक्ष आपस में उलझ जाते हैं और कई बार टकराव इस कदर हिंसक शक्ल अख्तियार कर लेता है कि उसमें किसी की जान चली जाती है। सड़कों पर हिंसा की यह एक ऐसी प्रवृत्ति है, जो न केवल नाहक उपजे तात्कालिक गुस्से के बेलगाम होने का नतीजा होती है, बल्कि इसका अंजाम एक अपराध के रूप में भी सामने आता है।आए दिन ऐसे मामले सामने आते रहते हैं, जिनमें दो वाहन चालक या लोग गलती से हल्की टक्कर होने या फिर बेहद छोटी बात पर हिंसा पर उतारू हो जाते हैं। गौरतलब है कि शुक्रवार को दिल्ली के नंदनगरी इलाके में गलती से एक ई-रिक्शा एक कार से टकरा गया, जिससे किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। मगर सिर्फ इतनी-सी बात के लिए कार चालक ने आवेश में आकर ई-रिक्शा चालक को गोली मार दी।यह समझना मुश्किल है कि महंगी गाड़ियों में हथियार लेकर चलने के शौक के पीछे कौन-सी ग्रंथि काम कर रही होती है। मगर कई बार सड़क पर शान या रौब और दूसरे पर हावी होने की जैसी प्रवृत्ति पाई जाती है, उसमें कुछ लोगों की आक्रामकता दूसरों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। खासकर जब उसके पास कोई खतरनाक हथियार भी हो। नतीजतन, जिन बातों पर टकराव भी नहीं होना चाहिए, उन पर हत्या तक कर दी जाती है।नंदनगरी में बेहद मामूली बात पर ई-रिक्शा चालक को गोली मार देने के पीछे भी आक्रोश था, जिसे कुछ पल के धीरज से टाला जा सकता था। दरअसल, अपनी गाड़ी से किसी अन्य वाहन के छू जाने, हल्की टक्कर होने या फिर आगे निकलने पर होने वाली बहसें आजकल चिंताजनक रूप से हिंसक टकराव में तब्दील होती देखी जा रही हैं। सड़कों पर यह एक ऐसी विकृति पल रही है, जिसका शिकार कोई भी हो सकता है, क्योंकि अनदेखी करने लायक बातों पर भी जिस तरह के टकराव खड़े हो जाते हैं, उनमें वहां बात करने और आपसी समझ और सद्भाव से विवाद को सुलझाने की गुंजाइश कम होती जा रही है।

# कविता की प्रतिष्ठा, देवेन्द्र पाण्डेय बेधड़क....

**उमाशंकर तिवारी**

यह एक दुरयोग ही है कि 'विन्ध्य की साहित्य श्री' पर निरन्तर बज्रपात-पर-बज्रपात हो रहा है। बीते कुछ बर्षो के अन्तराल में 'विन्ध्य की साहित्य श्री' की रत्न दीर्घा के ऐसे दैयदीप्तमान नक्षत्र टूट और बुझ कर काल की देवी 'मृत्यु की बाहुँ-पास' में समा गये हैं जिनकी चमक और धमक देश-प्रदेश में विन्ध्य की प्रतिष्ठा थी।

बघेली बोली और लोक साहित्य को भाषायी पीठिका में बिठाने के प्रयासों में शिद्दत से संलग्न रहे शीर्षस्थ-आंचलिक उपन्यास लेखक डॉ.भगवती प्रसाद शुक्ल, साहित्य-संस्कृतसेवी पं.रामसागर शास्त्री, बघेली में गीता के पद्य अनुबादक, शायर नदीम-रीवानी, ब्रजभाषा के रस-श्रृंगार कवि पं.ओम नारायण तिवारी, बघेली कविता के लोककण्ठ राजीवलोचन शर्मा 'राजीव', कवि मंचों सुमधुर गीतकार शिवकुमार 'अर्चन', हास्य कवि शम्भू काकू, बघेली गीतों के शिल्पी कालिका प्रसाद त्रिपाठी एवं राष्ट्रीय स्तर के कहानी लेखक ताराचन्द्र जोशी के अवसान की शोकमयी नमी अभी पूरी तरह से सूख भी नहीं पाई थी कि दु:ख एक और पहाड़ 'विन्ध्य की साहित्य श्री' पर टूट पड़ा है।

विन्ध्य अंचल में ओजस्वी कविता के मुखर स्वर रहे कवि देवेन्द्र पाण्डेय भी 17 जून 2025 की मध्य रात्रि सदैव के लिए विन्ध्य के साहित्य दरबार को दु:ख और आसुओं में डुवोकर चले गये हैं। कविवर देवेन्द्र पाण्डेय 'बेधड़क', ग्रीष्म ऋतु की तपन और शहरीय आबोहवा से दूर होकर 16 जून 2025 को अपने ग्रामांचल की सोंधी महक से रू-व-रू होने वहां गये थे, लेकिन 17 जून 2025 की मध्य रात्रि उनके सीने में आये असहनीय दर्द न, उनकी जीवन लीला को लील लिया। रीवां किला के मार्ग में उनका महलनुमा 'बेधड़क-हाऊस', जो कल तक कवियों, साहित्यकारों और प्रवुद्ध जीवियों की चहल-पहल व ठहाकों से गूँजा करता था अब उदास और सूना हो गया है। कवि देवेन्द्र पाण्डेय 'बेधड़क' के निधन से स्तब्ध, मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि 'ओजस्वी कविता के कवि देवेन्द्र पाण्डेय 'बेधड़क' विन्ध्य साहित्य जगत के ऐसे आइना थे, जिसमें साहित्य, संस्कृति और लोक जीवन का आवदार चेहरा नजर आता था। वह समय व काल के पत्थर से टूट गया है। 'बेधड़क' जी के निधन का दु:ख, कहा नहीं जा रहा है।'...



एक नमित श्रद्धांजलि

**'कठेरी की गूदड़ी के लाल'**

विन्ध्य में रीवा जिले के ग्रामांचल (मनगवां) की 'कठेरी की ठठेरी' कह जाने वाले देवेन्द्र पाण्डेय 'बेधड़क' का जन्म पांच जनवरी सन् उन्नीस सौ चालीस में रीवा रियासत के दीवान 'मड़रिहा पाण्डेय' की 'वंश-बेलि' मे हुआ था। उनके मामाश्री पंचरतन उपाध्याय मध्य प्रदेश के विन्ध्य अंचल में सोशलिस्ट पार्टी के संस्थापकों में थे। इस कारण से 'बेधड़क जी' को रुचिगत स्वाभाव बचपन से ही राजनीतिक एवं साहित्यिक दोनों था।

कवि देवेन्द्र पाण्डेय 'बेधड़क' अपने संस्मरणों की गांठ खोलते हुए यह बतलाया करते थे कि उनके बचपन के दिनों में देश में समाजवाद के प्रणेता डॉ.राममनोहर लोहिया जब कभी सोशलिस्ट पार्टी के सम्मेलनों, अन्य आयोजनों को लेकर 'रीवा की यात्रा' पर आते थे तो वह अपने मामाश्री के संग उनके स्वागत के लिए 'हांथे में फूलों की माला' को लेकर अग्रपंक्ति पर खड़ा होत थे। डॉ.राममनोहर लोहिया जी भी उनके पुष्पहार के स्वागत को 'नन्हे समाजवादी' का स्वागत कह कर स्वीकार किया करते थे। वह अपने पूरे जीवन-काल डॉ.राममनोहर लोहिया के व्यक्तित्व और समाजवादी चिंतन से प्रभावित रहे हैं। 'बेधड़क' जी यह मानते थे कि 'रीवा रियासत के दीवान परिवार की वंश-वेलि, डॉ.राममनोहर लोहिया का स्नेहिल प्यार और आंचलिक उपन्यास लेखक डॉ.भगवती शुक्ल का संरक्षण, उन्हे कुदरत के संयोग से मिला था।

**'विन्ध्य प्रदेश के पतन पर, फूट-फूट कर रोये'**

देवेन्द्र पाण्डेय 'बेधड़क' का पूरा जीवन आधी हकीकत, आधा फसाना' का पर्याय रहा है। उनका विन्ध्य भूमि से गहरा अनुराग था। देश के राजनीतिक एवं प्रशासनिक मानचित्र पर बघेलखण्ड और बुदेंलखण्ड की रियासतों के विलीनीकरण के पश्चात् एक राज्य के तौर पर अस्तित्व में आये 'विन्ध्य प्रदेश' के जब सन् 1955 में 'मध्य प्रदेश' समाहित किये जाने की कूटनीतिक व प्रशासनिक पृष्ठभूमि बनी और 'विन्ध्य-बिलय' की मुनादी के कर्कश स्वर 'बेधड़क जी' के कानों तक पहुँचे थे तो वह विलख-विलख कर रो पड़े थे।

विन्ध्य प्रदेश मर्जर के विरोध में रीवा में जो हिंसक जनआंदोलन हुआ, लाठी-गोलियां चलीं, लोग शहीद हुए थे। उनमें से कुछ लाठियॉ 'बेधड़क' जी की पीठ और छाती पर भी पड़ी थी। वह सोलह वर्ष की कच्ची उम्र में विन्ध्य अस्तित्व के सेनानी के तौर जेल में कैद किये गये थे। यदि विंध्य प्रदेश का मध्य प्रदेश में बिलय नहीं होता तो बेधड़क जी की कविता 'चप्पा-चप्पा भूमि जहां की हर गर्वीली घाटी है, वेदो में वर्णित पावन विन्ध्यांचल की माटी है' विन्ध्य प्रदेश राज्य का राज्य-गान होती। 'बेधड़क' जी जिन दिनों शिवपुरी के फिजिकल कॉलेज में प्रशिक्षण ले रहे थे उनकी मुलाखात मधुशाला के सुप्रसिद्ध कवि स्मृति शेष हरिवंशराय वच्चन से भी हुई थी। वह बेधड़क जी की कविताओं से बहुत प्रभावित हुए थे। हरिवंशराय वच्चन जी ने उन्हें इलाहावाद को अपनी कविता की कर्मभूमि बनाने का सुझाव भी दिया था लेकिन उन्होने उनके सुझाव को स्वीकार नहीं किया और विन्ध्य क्षेत्र को ही अपनी कर्मभूमि बनाये रखा।

**'ओजस्वी कवि, आवदार रचना संसार'**

स्मृति शेष देवेन्द्र पाण्डेय 'बेधड़क', विन्ध्य अंचल में ओजस्वी व क्रांतिकारी कविताओं के कवि स्व.शेषमणि शर्मा 'मणि रायपुरी' की ओजस्वी कविता की धारा के कवि थे। उन्होने सन् 1960 में विन्ध्य में कविता की दहलीज पर कदम रखा था और ओजस्वी कविता की प्रतिष्ठा बने। देवेन्द्र पाण्डेय 'बेधड़क' ने मध्य प्रदेश की आधुनिक कविता के कवि भवानी प्रसाद मिश्रा के कहे अनुसार 'जिस तरह से वह वोले, उस तरह से लिखा और इसके बाद भी उनसे बड़ा लिखकर दिखाया।' उन्हे काव्य जगत में कवि 'बेधड़क' का उपनाम बघेली के शीर्षस्थ उपन्यास लेखक डॉ. भगवती प्रसाद शुक्ल द्वारा दिया गया था। वाद मे वह इसी नाम से प्रसिद्ध हुए।

कवि देवेन्द्र पाण्डेय 'बेधड़क' ने हिन्दी और बघेली दोनों में कविताएँ लिखी है। 'विन्ध्यांचल की माटी', 'विखरे दाने' (हिन्दी) और 'करौरी-कोरउरा' (बघेली) इनकी प्रतिनिधि कविताओं के कविता संग्रह है। विन्ध्य के लोक देवता -वसामन मामा' के जीवन चरित्र पर लिखा गया उनका लघु खण्ड काव्य सर्वाधिक लोकप्रिय और प्रतिष्ठित कृतियों मे है। देवेन्द्र पाण्डेय 'बेधड़क' की इस प्रकाशित लोकप्रिय कृति पर, विन्ध्य क्षेत्र के निर्माण-शिल्पी एवं प्रतिष्ठित संविदाकार पं.भैयालाल शुक्ल द्वारा उन्हे एक लाख रुपये की सम्मान निधि से समारोह पूर्वक पुरस्कृत व सम्मानित किया गया था।

**'पूरा जीवन साहित्य और समाज सेवा के नाम'**

कवि देवेन्द्र पाण्डेय 'बेधड़क', सरस्वती के सिद्ध वरद् पुत्र थे। वह जहां कवि मंचो पर अपनी कविताओं का पाठ किया करते थे, कविता सुनने वाले, उनकी कविता की भाव प्रवणता और उनके अनोखे राग-रस में डूब जाते थे। उनमें अपनी कविता से, सुनने वालों को बांध रखने का एक बेजोड़ जादू था। जिसके कवि मंचो के अच्छे-अच्छे गीतकार कवि कायल रहे हैं।

देवेन्द्र पाण्डेय 'बेधड़क' ने अजमेर वोर्ड से इन्टरमीडियट' एवं 'फिजिकल कॉलेज, शिवपुरी' से 'डिप्लोमा इन फिजिकल एजुकेशन' करने के बाद मध्य प्रदेश शासन के शिक्षा विभाग को 'क्रीड़ा अधिकारी' की उत्कृष्ट सेवा दी थी। उन्होने 'क्रीड़ा अधिकारी' के तौर पर भी मध्य प्रदेश और विंध्य अंचल की पांच-छ: पीढ़ियों को योग और क्रीड़ा के व्यायामों से दीक्षित किया था। 'वर्ष 2002 में शासन सेवा से सेवा निवृत्त होने के वाद उन्होने अपना सारा जीवन, लोक सेवा, समाज सेवा और साहित्य-संस्कृति की सेवा में समर्पित कर दिया था। उन्होने सन् 1960 में कवि के तौर पर जिस कलम को पकड़ा था वह 17 जून 2025 यानी इस फानी दुनियॉ से विदा होने के दिन तक उसे नहीं छोड़ा। 'बेधड़क' जी बेधड़क होकर अपनी कलम से ओजस्वी कविता लिखते और ओजस्वी रूवर में उसे पढ़ते व गाते हुए पंचतत्व में विलीन हो गये हैं।

वैसे, मैं यह तो नहीं जानता कि विन्ध्य में कविता की प्रतिष्ठा और विन्ध्य में कविता के जनकवि 'नागार्जुन' का पर्याय कहे जाने वाले ओजस्वी कवि देवेन्द्र पाण्डेय 'बेधड़क' के रचना संसार को आगे आने वाली पीढ़ियां और साहित्य-संस्कृति के शोध विश्लेषक किस रूप में अंकलित करेगें? पर इतना तो सच है कि कवि देवेन्द्र पाण्डेय 'बेधड़क' की चर्चा, दन्त कथाओं जैसे होती ही रहेगी।

(लेखक-वरिष्ठ पत्रकार है)

# बिहार की राजनीति में क्यों अहम हुईं अगड़ी जातियां?

**अशोक भाटिया**

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले छ्टनीतीश कुमार ने बड़ा दांव खेल दिया है। नीतीश कुमार ने राज्य में अगड़ी जातियों के विकास के लिए एक आयोग गठित करने का निर्णय लिया है, जिसे उच्च जाति आयोग नाम दिया गया है। भाजपा नेता महाचंद्र प्रसाद सिंह को इस आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा गुरुवार को इसकी आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई। महाचंद्र प्रसाद सिंह को तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए इस पद पर नियुक्त किया गया है।जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद को आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब राज्य में महत्वपूर्ण राजनीतिक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री और जेडी(यू) के पूर्व नेता राम चंद्र प्रसाद सिंह ने हाल ही में अपने राजनीतिक दल आप सबकी आवाज (ऋ) का प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी में विलय कर दिया है। सिंह ने 2023 में जेडी(यू) छोड़ दिया था, भाजपा में शामिल हो गए और बाद में 2024 में अपनी खुद की पार्टी बनाई और 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने की योजना की घोषणा की। बिहार विधानसभा चुनाव इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने की उम्मीद है। भाजपा, जेडीयू और एलजेपी से मिलकर बना राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सत्ता बरकरार रखने का लक्ष्य लेकर चल रहा है, जबकि विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक मौजूदा नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार को चुनौती देने की तैयारी कर रहा है। ज्ञात हो कि बिहार की राजनीति यही कोई तीन दशक से गैर सवर्ण जातियों के इर्द-गिर्द घूमती आई है। खास तौर पर पिछड़ा वर्ग का प्रभुत्व इतना बढ़ा कि इस तबके से आने वाले लालू यादव-राबड़ी देवी-नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री होते आए हैं। हालांकि एक दौर वह भी रहा है, जब मुख्यमंत्री अगड़ी जातियों के ही होते थे। 90 के दशक में जब मंडल-कमंडल की राजनीति ने अपने पांव फैलाए, तो देश के तमाम दूसरे राज्यों की तरह बिहार की सियासत का नक्शा भी बदल गया। लेकिन हाल के दिनों में, बिहार की राजनीति में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। अचानक वहां अगड़ी जातियों की अहमियत बढ़ गई है।

राज्य में इस साल परशुराम जयंती का आयोजन बहुत भव्य स्तर पर किया गया, जिसमें तेजस्वी यादव ने शिरकत की। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कुंवर सिंह का विजय उत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में अमित शाह शामिल हुए। और तो और, जदयू ने अपनी पार्टी में सवर्ण प्रकोष्ठ बना दिया है। अमूमन राजनीतिक दलों में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ और अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ हुआ करते हैं, लेकिन नीतीश कुमार ने यह नया प्रयोग किया है।

बिहार में मुख्य रूप से चार बड़ी अगड़ी जातियां हैं- भूमिहार, राजपूत, ब्राह्मण और लाला। राजनीतिक गलियारों में उन्हें सांकेतिक भाषा में %भूराबाल% कहा जाता है। बिल्कुल वैसे ही जैसे मुस्लिम-यादव समीकरण को %एमवाई% कहते हैं। नब्बे के दशक में जब बिहार की राजनीति में लालू युग शुरू हुआ, तो उनको लेकर बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हुआ था। कहा यह गया कि लालू ने बिहार की राजनीति में %भूराबाल% को साफ़ करने की बात कही है। हालांकि लालू यादव इसे अपने खिलाफ़ एक बड़ी राजनीतिक साजिश बताते रहे हैं। उन्होंने कई मौकों पर कहा कि उन्होंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया था। खैर, सच्चाई जो भी रही हो, लेकिन इस विवाद के बाद वहां लालू यादव की छवि %एंटी अपर कास्ट% नेता के रूप में उभरी। लालू यादव ने भी इसकी परवाह किए बिना यादव, मुस्लिम और अति पिछड़ा वर्ग-दलित वर्ग की कुछ अन्य जातियों को गोलबंद कर अपने को मजबूत बनाए रखा।

बिहार में अगड़ी जातियों की आबादी 15 से 20 प्रतिशत के बीच है। एक वक्त यह कांग्रेस का वोट बैंक हुआ करती थीं, लेकिन बाद में भाजपा के साथ आईं। नीतीश कुमार के भाजपा के साथ गठबंधन में होने की वजह से इनका समर्थन जदयू को मिलता रहा। लेकिन पिछले चुनाव में यह देखा गया कि सवर्ण जातियों ने भाजपा को तो वोट किया, लेकिन जदयू को नहीं। यही वजह रही कि जदयू को पहली बार भाजपा से कम सीट मिलीं और राज्य विधानसभा में सीटों की संख्या के क्रम में तीसरे पायदान पर पहुंच गई।

राजनीति में बिना मकसद कुछ भी नहीं होता। अगर बिहार में अगड़ी जातियों की पूछ बढ़ गई है, तो उसकी वजह भी है। बिहार में जिस तरह से भाजपा तनकर खड़ी हुई है और जीतनराम मांझी, मुकेश सहनी जैसे अपनी-अपनी जातियों के नेताओं का प्रभाव बढ़ना शुरू हुआ है, उसमें आरजेडी को लगने लगा है कि %एमवाई% समीकरण के सहारे राज्य की सत्ता में वापसी मुश्किल है। तेजस्वी यादव ने पिछले चुनाव के मौके पर कहा भी था कि अब हम %एमवाई% की पार्टी नहीं बल्कि ए टू जेड की पार्टी होंगे। इसी कोशिश में वह अगड़ी जातियों के साथ अपनी दोस्ती बढ़ा रहे हैं। मार्च महीने में स्थानीय निकाय चुनाव में प्रत्याशियों के चयन में यह बात साफ़ दिखी भी। बिहार के सियासी गलियारों में यह कहा भी जाने लगा है कि लालू यादव जिस %भूराबाल% को साफ करने की बात करते थे, तेजस्वी यादव उसी %भूराबाल% को साथ लेकर चलने की बात करने लगे हैं।

उधर, पिछले चुनावी नतीजों से झटका खाए नीतीश कुमार को लगता है कि अगर वह खुद अपने पांव पर नहीं खड़े हुए और भाजपा ने अपनी बैसाखी छीन ली, तो फिर उनके सियासी लड़ाई मुश्किल हो जाएगी। अपने पांव पर खड़े होने की कवायद में ही वह अगड़ी जातियों में अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश में हैं। राज्य में पिछड़ा वर्ग की नुमाइंदगी करने वाले आरजेडी और जेडीयू, दोनों को अब यह अहसास हो चला है कि अगड़ी जातियों का साथ लेकर ही वे अपने वोट बैंक का विस्तार कर सकते हैं।बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 58 एआईसीसी (अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी) पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है, जो राज्य में चुनावी गतिविधियों की निगरानी और सांगठनिक मजबूती के काम को सुनिश्चित करेंगे।

न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक इन पर्यवेक्षकों में विंग कमांडर (सेवानिवृत्त) अनूमा आचार्य, अली मेहंदी, अशोक चांदना, मनोज यादव, नदीम जावेद, शोएब खान, अखिलेश यादव, वीरेन्द्र यादव जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। ये सभी नेता अलग-अलग क्षेत्रों में पार्टी के प्रदर्शन, उम्मीदवार चयन, स्थानीय मुद्दों और जमीनी हालात का आकलन करेंगे।बिहार में कांग्रेस महागठबंधन का हिस्सा है, जिसमें राजद (राष्ट्रीय जनता दल) सबसे बड़ा घटक है। पिछले विधानसभा चुनाव (2020) में राजद ने 144 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 75 सीटें जीती थीं। वहीं कांग्रेस ने 70 सीटों पर किस्मत आजमाई, लेकिन केवल 19 सीटों पर जीत मिली। माकपा (सीपीआई-एमएल ) ने 19 सीटों पर चुनाव लड़ा और 12 सीटें जीती थीं।राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, 2024 के लोकसभा चुनाव में कमजोर प्रदर्शन के बाद कांग्रेस के लिए बिहार चुनाव एक महत्वपूर्ण मौका है जिससे वह संगठन को पुनर्गठित कर राज्य में अपनी पकड़ मज़बूत कर सकती है। पर्यवेक्षकों की यह तैनाती एक संगठित रणनीति का हिस्सा है। (वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार)

## वर्ग पहेली 5780

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | | ■ | |
| 9 | | 10 | | | 11 | 12 | |
| ■ | 13 | | ■ | 14 | ■ | | ■ |
| 15 | ■ | ■ | 16 | | 17 | | 18 |
| 19 | 20 | | | ■ | 21 | | |
| 22 | | ■ | 23 | 24 | ■ | | ■ |
| 25 | | ■ | 26 | | | ■ | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. भारत के प्रथम नोबल पुरस्कार विजेता जिनका निधन 7 अगस्त 1941 को हुआ था (8)
7. समय क्षेत्र अंतर, भेदिया, दूत (2)
8. परवरिश करने वाला, पालन-पोषण करने वाला, एक प्रकार की हरी तरकारी (3)
9. पाताल जहां नागों का निवास स्थान है (4)
11. कैच, उचक, झपट्टा (3)
13. उन, वह (2)
16. समसामयिक, सहकालीन, युगपदता (5)
19. चिंता करना, भयभीत होना (4)
21. कत्ल करने वाला (3)
22. कत्ल करने वाला (3)
23. पेंदा, नीचे की सतह (2)
25. तेरा या तेरी (संस्कृत)(2)
26. नया, नूतन, नवीन, नव (3)

**ऊपर से नीचे**

1. कलाकृति, रचित करना, पुराणानुसार विश्वकर्मा की पत्नी का यह नाम था (3)
2. युद्ध में लड़ते-लड़ते मृत्यु प्राप्त होना (4)
3. अपवित्र, अशुद्ध, अशुचि (3)
4. धरती की वह सीमा जिस पर पानी न हो, सूखी धरती (2)
5. फुटबॉल, हॉकी आदि में विरोधी से गेंद छीनने का प्रयास करना (अंग्रेजी), समस्या का समाधान करना (3)
6. प्रेमकर्ता, प्रेमी, लहर (3)
10. नमक (मराठी), ऋण, कर्ज (अंग्रेजी)(2)
12. प्रतिपदा, पड़वा, पर्वनी (5)
14. देह के बाल, रोआं (2)
15. महाकवि कालीदास की एक प्रसिद्ध कृति (4)
16. प्राचीनकाल से चला आता हुआ क्रम, परंपरागत (4)
17. फिल्म इंडस्ट्री में राजेश खन्ना इस नाम से भी जाने जाते थे, पिता के भाई (2)
18. जल प्राप्ति का कृत्रिम स्त्रोत (2)
20. रचना कर्म, अस्तित्व प्रदान, सृजन (3)
24. प्रेम, प्यार, मुहब्बत (2)

**वर्ग पहेली 5779 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | मै | का | ■ | म | ■ | पु | रू |
| मा | ला | ■ | स | म | त | ल | ■ |
| ■ | आं | ख | च | ला | ना | ■ | ट |
| अ | च | ल | ■ | स | जा | व | ट |
| त | ल | ■ | आ | न | ■ | रू | ल |
| ए | ■ | ■ | ना | ■ | गु | ण | ■ |
| व | ज़ू | द | ■ | मी | ■ | गां | व |
| ■ | ल | र | ज | ना | ■ | धी | र |

# भारत का प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान नहीं चीन है

**राजेश कुमार पासी**

जब अंग्रेजों ने भारत को आजाद किया तो वो जाते-जाते भी भारत के साथ साजिश कर गए।उन्हें अच्छी तरह से पता था कि भारत भविष्य में बड़ी शक्ति के रूप में उभर सकता है । भारत बड़ी शक्ति बनकर उनके लिए भविष्य में चुनौती न बन जाए इसलिए भारत को दो टुकड़ों में बांट गए । यह हमारी गलत सोच है कि भारत का विभाजन हिन्दू-मुस्लिम मतभेद की वजह से हुआ था । वास्तव में उन्होंने दोनों समुदायों के बीच के मतभेदों को बढ़ाकर ऐसे हालात पैदा कर दिये गए कि विभाजन के लिए हमारे नेताओं को मजबूर होना पड़ा । पाकिस्तान बनने से न केवल भारत कमजोर हुआ बल्कि भारत को हमेशा के लिए उसका एक कट्टर दुश्मन मिल गया । पाकिस्तान अपनी पैदाइश से ही भारत को अपना सबसे बड़ा शत्रु मानता आ रहा है जबकि भारत ने कभी भी पाकिस्तान को अपने दुश्मन के रूप में नहीं देखा । आप सोचकर देखिए कि अगर पाकिस्तान के साथ हुए युद्धों में भारत की हार हुई होती तो पाकिस्तान ने भारत का क्या हाल किया होता ।भारत ने कई युद्धों में पाकिस्तान को बुरी तरह से हराने के बावजूद उसके साथ मित्रों जैसा व्यवहार किया ।

वास्तव में पाकिस्तान अपनी पैदाइश से ही एक जिहादी मानसिकता वाले आत्मघाती आतंकवादी ही तरह व्यवहार कर रहा है । वो खुद को मिटाकर भी भारत को खत्म कर देना चाहता है । विदेशी शक्तियां पाकिस्तान की पैदाइश से ही उसका इस्तेमाल भारत को आगे बढ़ने से रोकने के लिए करती रही हैं ।पहले अमेरिका और पश्चिमी देश पाकिस्तान को भारत के खिलाफ इस्तेमाल कर रहे थे, अब चीन पाकिस्तान का इस्तेमाल कर रहा है । पाकिस्तान एक ऐसे गुंडे की तरह है जिसे पैसा देकर कोई भी भारत के खिलाफ मैदान में उतार सकता है ।इसकी एक वजह यह भी है कि पाकिस्तान अपनी शक्ति के बल पर भारत के खिलाफ ज्यादा कुछ नहीं कर सकता । सवाल यह है कि अगर कोई अन्य देश सह नहीं देता तो क्या पाकिस्तान भारत का दोस्त बन जाता । सच्चाई कड़वी है लेकिन सच यही है कि पाकिस्तान का अस्तित्व ही भारत विरोध पर टिका हुआ है । कहा जाता है कि देशों के पास उनकी सेना होती है लेकिन पाकिस्तान की सेना ऐसी है जिसके पास एक देश है । पाकिस्तानी सेना अपनी जनता को भारत के खिलाफ भड़काती रहती है कि अगर वो न हो तो भारत पाकिस्तान को खत्म कर देगा । यही कारण है कि पाकिस्तान की आम जनता भी भारत के प्रति नफरत से भरी हुई है और वो सेना का भारी-भरकम खर्च उठा रही है ।

पाकिस्तान के कारण भारत का सबसे बड़ा नुकसान यह हुआ है कि वो अपने असली दुश्मन को कभी पहचान नहीं सका । पूर्व रक्षामंत्री जॉर्ज फर्नांडिस ने कहा था कि चीन भारत का नम्बर वन दुश्मन है लेकिन उनकी यह बात किसी को समझ नहीं आई । प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू जी चीन को मित्र देश मानते थे और उसके साथ मिलकर शांति के कबूतर उड़ाया करते थे ।चीन से मित्रता हासिल करने के लिए उन्होंने भारत के हितों के साथ कई समझौते किये । वो चीन को खुश करते रहे ताकि वो भारत का दोस्त बना रहे लेकिन उनकी लाख कोशिशों के बावजूद

# आज का राशिफल

### मेष

आज उत्साह और आत्मविश्वास से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन सराहनीय होगा और वरिष्ठ आपसे प्रसन्न रहेंगे। कोई नया प्रोजेक्ट मिल सकता है या पुराना रुका हुआ कार्य आगे बढ़ेगा। आर्थिक दृष्टि से दिन लाभदायक है, निवेश से भी फायदा मिल सकता है। परिवार में सुखद माहौल रहेगा, लेकिन अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें।

### वृष

आज अपनी योजनाओं में थोड़ा बदलाव करना पड़ सकता है। कार्यस्थल पर किसी सहयोगी से असहमति हो सकती है, लेकिन बातचीत से समाधान निकलेगा। परिवार में किसी सदस्य की सलाह से लाभ होगा। आर्थिक दृष्टि से दिन सामान्य है, खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखें। कोई पुराना दोस्त आज संपर्क कर सकता है जिससे पुरानी यादें ताजा होंगी।

### तुला

आज कोई बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है, विशेषकर करियर या वित्त से जुड़ा हुआ। भरोसेमंद लोगों की सलाह अवश्य लें। नौकरी में बदलाव का विचार भी मन में आ सकता है। घर में किसी सदस्य के साथ भावनात्मक चर्चा हो सकती है। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रेम जीवन स्थिर रहेगा।

### वृश्चिक

आज रचनात्मक कार्यों की ओर आकर्षित रहेगा। नई योजनाओं पर कार्य करना लाभदायक होगा। व्यापार में वृद्धि के संकेत हैं। परिवार में प्रेम और अपनापन महसूस होगा। संतान पक्ष से सुखद समाचार मिल सकता है। लव लाइफ में मधुरता बनी रहेगी।

### मिथुन

आज दिन मिलाजुला रहेगा। काम में मन लगेगा, लेकिन समय प्रबंधन की कमी के कारण थोड़ी परेशानी हो सकती है। आप जितनी मेहनत करेंगे, परिणाम उतने बेहतर मिलेंगे। पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा, लेकिन किसी बुजुर्ग की तबीयत चिंता का कारण बन सकती है।

### कर्क

आज आपको थोड़ा अस्थिर कर सकते हैं। निजी संबंधों में पारदर्शिता जरूरी होगी, वर्ना गलतफहमियां बढ़ सकती हैं। कार्यक्षेत्र में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है, जिसके लिए आप पहले से तैयार नहीं होंगे, लेकिन अंततः आप उसे सफलतापूर्वक निभाएंगे।

### धनु

आज दिन यात्रा या बाहर जाने के लिए शुभ नहीं है, विशेष रूप से अगर वह कार्य से जुड़ी हो। घर में आराम करना और भविष्य की योजना बनाना लाभदायक रहेगा। कार्यक्षेत्र में सामान्य गति बनी रहेगी, लेकिन नई जिम्मेदारियां आने वाली हैं। आर्थिक रूप से दिन सामान्य रहेगा। प्रेम संबंधों में थोड़ी दूरी बन सकती है।

### मकर

आज दिन जिम्मेदारियों से भरा रहेगा। काम को लेकर थोड़ा दबाव महसूस कर सकते हैं, लेकिन आप उसे सही तरीके से मैनेज करेंगे। घर में किसी निर्णय को लेकर चर्चा हो सकती है। निवेश के लिए समय अच्छा है। आप दोनों समझदारी से उसका समाधान निकाल सकते हैं। सेहत में सुधार रहेगा।

### सिंह

आज जो काम लंबे समय से अटके हुए थे, उनमें गति आएगी। पदोन्नति या प्रशंसा के योग हैं। परिवार में किसी मांगलिक कार्य की चर्चा हो सकती है। प्रेम जीवन में नई शुरुआत हो सकती है या किसी पुराने संबंध को नया रूप मिलेगा। पैसों की स्थिति मजबूत रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, लेकिन बाहर के खाने से परहेज करें।

### कन्या

आज काम में एकाग्रता की कमी महसूस होगी, जिससे कार्यों में देरी हो सकती है। ध्यान और संयम जरूरी है। परिवार के साथ समय बिताने से मानसिक शांति मिलेगी। आर्थिक रूप से कोई बड़ा निर्णय न लें, निवेश टालना उचित रहेगा। प्रेम संबंधों में संवाद बनाए रखें।

### कुंभ

आज आप आत्मविश्लेषण के मूड में रहेंगे। पुराने अनुभवों से सीखकर आगे बढ़ने का सही समय है। किसी करीबी से बातचीत आपकी सोच में बदलाव ला सकती है। आर्थिक दृष्टि से दिन ठीक-ठाक रहेगा। कोई महंगी चीज खरीदने का विचार मन में आ सकता है। प्रेम जीवन अच्छा रहेगा और पार्टनर से भावनात्मक सहयोग मिलेगा। त्वचा या एलर्जी से संबंधित परेशानी हो सकती है।

### मीन

आज किसी मंदिर या धार्मिक स्थान पर जाने का योग है। नौकरी में तरक्की के संकेत हैं। जो लोग कला, लेखन या अभिनय क्षेत्र में हैं, उन्हें कोई बड़ा मौका मिल सकता है। परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा। प्रेम संबंधों में रोमांस बढ़ेगा। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा, लेकिन नींद पूरी करें।

## संक्षिप्त समाचार

### एक और राज्य में भिड़े कांग्रेसी, अध्यक्ष के खिलाफ बगावत, 20 नेता दिल्ली कूच को तैयार

**जम्मू/नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्नाटक में कांग्रेस नेतृत्व सीएम बदलने की मांग को लेकर छिड़े संघर्ष से जूझ रहा है। हालात ऐसे हो गए कि मल्लिकार्जुन खरगे ने गेंद हाईकमान के पाले में डाल दी तो वहीं दिल्ली से रणदीप सुरेजावाला पहुंचे। डीके शिवकुमार समर्थक एक विधायक ने तो 100 एमएलए साथ होने का दावा करते हुए मांग कर दी कि सीएम बदलने का यही सही वक्त है। लेकिन कांग्रेस की मुसीबत कर्नाटक तक ही सीमित नहीं है। जम्मू-कश्मीर में भी आंतरिक लड़ाई बढ़ रही है। यहां तारिक हमीद कर्रा प्रदेश अध्यक्ष हैं, जिनके खिलाफ कई सीनियर नेताओं ने मोर्चा खोल दिया है और उन्हें हटाने की मांग की है। कर्रा को राहुल गांधी की पसंद का नेता माना जाता है। यहां तक कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सैयद नासिर हुसैन के श्रीनगर आने पर कर्रा की ओर से एक भोज का आयोजन किया गया था। इसमें भी असंतुष्ट नेता नहीं पहुंचे थे। इससे समझता जा सकता है कि मतभेद किस लेवल पर पहुंच गए हैं कि औपचारिक कार्यक्रम में भी कई नेता नहीं गए। तारिक हमीद कर्रा के विरोधी करीब 20 बड़े नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से मुलाकात का समय मांगा है। इन नेताओं में पूर्व डिप्टी सीएम तारा चंद, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विकार रसूल वानी और सीनियर लीडर गुलाम नबी मोंगा शामिल थे। इसके अलावा मनोहर लाल शर्मा और मोहम्मद अनवर भट्ट भी दिल्ली जाकर मुलाकात की कोशिश में हैं। फिलहाल राहुल गांधी या खरगे की ओर से समय नहीं मिला है। दरअसल इन नेताओं का कहना है कि कर्रा सीनियर नेताओं को भाव नहीं दे रहे हैं और उन्हें पीडीपी से लाकर कांग्रेस नेतृत्व ने अहम जिम्मेदारी दी है। कांग्रेस में यह भी कहा जा रहा है कि उन्हें कोई समझ नहीं है। वह कांग्रेस के मुद्दों से अलग हटकर बात करते हैं। दरअसल जम्मू के पूरे क्षेत्र में कांग्रेस को एक भी सीट न मिलने के बाद से तनाव चरम पर है। जम्मू में कांग्रेस परंपरागत रूप से मजबूत रही है, लेकिन इस बार उसका सूपड़ा ही साफ हो गया। वहीं घाटी में भी उसे आधा दर्जन सीटें ही मिल पाईं।

### असम में 100 से अधिक होटलों पर छापा, 1000 किलो बीफ जब्त, 132 लोग हिरासत में

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम में बीफ की अवैध बिक्री पर नकेल कसने के लिए मंगलवार को पूरे राज्य में एक बड़ा अभियान चलाया गया। इस दौरान 112 रेस्तरां और भोजनालयों में छापेमारी की गई और 1,084 किलो संदिग्ध बीफ बरामद किया गया। इसके आरोप में 132 लोगों को हिरासत में लिया गया है। असम के आईजीपी (लॉ एंड ऑर्डर) अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई अवैध बीफ बिक्री को लेकर की गई है। कल रात तक यह छापेमारी जारी रही। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब राज्य में बीफ और मवेशियों को लेकर राजनीति गरमा गई है। पिछले महीने धुबरी, गोलपाड़ा और लखीमपुर जिलों में मंदिरों के पास संदिग्ध पशु अवशेष मिलने के बाद धुबरी में 150 से अधिक लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इन घटनाओं को ईद-उल-जुहा के समय माहौल बिगाड़ने की साजिश बताया था। उन्होंने यह भी कहा था कि असम मवेशी संरक्षण अधिनियम, 2021 को और सख्ती से लागू किया जाएगा। असम मवेशी संरक्षण अधिनियम, 2021 बीफ की खपत पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाता है, लेकिन कुछ सीमाएं तय करता है। बीफ की बिक्री हिंदू, जैन, सिख या अन्य गैर-बीफ खाने वाले समुदायों के बहुल इलाकों में या किसी मंदिर र या धार्मिक स्थल के 5 किमी के दायरे में प्रतिबंधित है। बीफ की बिक्री केवल प्रशासनिक अनुमति प्राप्त स्थानों पर ही की जा सकती है।

### ओवरटेक करने के चक्कर में हाईवा से टकराई बस, तीन यात्रियों की मौत, 6 घायल

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगे अभनपुर इलाके में बस और हाईवा की टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है, वहीं 6 लोग घायल है। बस जगदलपुर से रायपुर आ रही थी। तेज रफ्तार बस ने पीछे से हाईवा को ठोकर मार दिया। बस के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस में सवार 3 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर में भर्ती कराया गया है। हादसा केन्द्री गांव के पास हुआ। मिली जानकारी के मुताबिक बस रात को जगदलपुर से छूटकर रायपुर आ रही थी। अभनपुर ब्लाक के केन्द्री गांव के पास बस ने ओवरटेक के चक्कर में ट्रक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस के सामने का क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में एक महिला और दो पुरुषों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 6 यात्री घायल हुए हैं। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। कुछ लोगों को रायपुर भी इलाज के लिए भेजा गया है। हादसे के बाद घटना स्थल पर चीख-पुकार मच गई थी। घायलों को अस्पताल पहुंचाने 108 की मदद ली गई। घटना की सूचना मिलते ही अभनपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पहले घायलों को नजदीकी अस्पताल भेजा गया और फिर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घटना के बाद नेशनल हाईवे पर कुछ देर के लिए ट्रैफिक जाम हो गया था, जिसे पुलिस ने बाद में सामान्य किया। क्रेन से क्षतिग्रस्त बस को किनारे किया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# भाजपा को जल्द मिलेगा राष्ट्रीय अध्यक्ष, अहम पड़ाव पार, 22 राज्यों में पूरे हुए संगठनात्मक चुनाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को छह राज्यों में अपने अध्यक्षों का चुनाव किया। पिछले साल पार्टी के आंतरिक चुनाव शुरू होने के बाद से अब तक 22 राज्यों में उसके संगठनात्मक प्रमुखों का चुनाव हो चुका है। इसके साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए एक आवश्यक औपचारिकता भी पूरी हो गई है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए हैं। यहां पार्टी ने संगठन में लंबे समय तक काम करने वाले और सामाजिक मानदंडों पर खरा उतरने वाले नेताओं को प्राथमिकता दी है। महाराष्ट्र में रवींद्र चव्हाण, तेलंगाना में एन रामचंदर राव, आंध्र प्रदेश में पी वी एन माधव, हिमाचल प्रदेश में राजीव बिंदल और उत्तराखंड में महेंद्र भट्ट को पार्टी अध्यक्ष घोषित किया गया है। इसके अलावा अंडमान निकोबार में अनिल तिवारी को पार्टी अध्यक्ष चुना गया है।

**भाजपा ने राज्यों में किन्हें दी जिम्मेदारी :** आने वाले दिनों में मध्यप्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित कुछ और राज्यों में भी अध्यक्षों के नाम की घोषणा की जाएगी। मध्यप्रदेश में वरिष्ठ विधायक हेमंत खंडेलवाल ने ही नामांकन दाखिल किया, जिससे उनका चुनाव महज औपचारिकता बनकर रह गया। भाजपा के एक नेता ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने ऐसे उम्मीदवारों को चुना है जो किसी गुट का नेतृत्व करते नहीं दिखते और जिनकी व्यापक स्वीकार्यता है। पिछले कुछ दिनों में प्रदेश प्रमुखों के चुनाव कर भाजपा ने पार्टी के संवैधानिक निर्देश को पूरा किया है, जिसके तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू की गई है। नए राष्ट्रीय अध्यक्ष मौजूदा अध्यक्ष जे पी नड्डा की जगह लेंगे। भाजपा के संविधान के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने से पहले इसके 37 संगठनात्मक राज्यों में से कम से कम 19 में अध्यक्षों का चुनाव होना आवश्यक है।

**नड्डा को मिला है विस्तार :** बता दें कि जनवरी 2020 में चुने गए नड्डा का तीन साल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से उन्हें विस्तार मिलता रहा है। पहले उन्हें 2024 के लोकसभा चुनावों को मद्देनजर और फिर संगठनात्मक चुनावों को देखते हुए विस्तार दिया गया था।

अब बात करें अध्यक्ष पद की रेस की तो इसमें मनोहर लाल खट्टर, भूपेंद्र यादव और शिवराज सिंह चौहान रेस में बताए जा रहे हैं। तीनों ही मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं और संगठन की कमान जिस नेता को भी मिलेगी, उसे मंत्री पद से हटना होगा। इससे साफ है कि भाजपा को यदि इनमें से कोई एक अध्यक्ष मिला तो फिर मंत्रिमंडल में भी फेरबदल होगा। दरअसल तीनों ही नेता आरएसएस बैकग्राउंड के हैं और विवादों से दूर रहकर काम करने वाले हैं। तीनों को ही संगठन में काम करने का लंबा अनुभव है। मनोहर लाल खट्टर को तो पीएम नरेंद्र मोदी के बेहद करीबी लोगों में शुमार किया जाता है। ऐसे में उनका नाम भी तेजी से चर्चा में है।

मनोहर लाल खट्टर किसी भी जातीय समीकरण से परे हैं और उनकी छवि एक सख्त एवं ईमानदार लीडर की मानी जाती है। इसके अलावा आरएसएस भी उनके नाम पर सहमत होगा। हालांकि भूपेंद्र यादव भी रेस में मजबूत माने जा रहे हैं। अमित शाह के वह करीबी माने जाते हैं और यूपी समेत कई राज्यों में चुनाव की रणनीति वह संभाल चुके हैं। वह भाजपा और आरएसएस के संगठन में काम करने का लंबा अनुभव रखते हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से वह आए हैं और सालों तक संघ के आनुषांगिक संगठन अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के लिए भी काम किया है।

भूपेंद्र यादव को अध्यक्ष बनाकर सामाजिक समीकरणों को लेकर भी संदेश देने की कोशिश हो सकती है। हालांकि अब तक कोई भी नेता खुलकर कुछ नहीं बोल रहा है। माना जा रहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी के विदेश दौरे से लौटने के बाद अध्यक्ष को लेकर कुछ फैसला हो सकता है।

भूपेंद्र यादव ने 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार में भी जिम्मेदारी संभाली थी। इसके अलावा 2023 में मध्य प्रदेश और पिछले साल ही महाराष्ट्र का चुनाव कैंपेन वह देख चुके हैं। हालांकि भाजपा के रिकॉर्ड को देखते हुए किसी चौंकाने वाले नाम का ऐलान भी हो सकता है।

## कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट बनीं मां, दिल्ली में दिया बेटे को जन्म

**चंडीगढ़, एजेंसी।** मशहूर रेसलर और हरियाणा के जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट मां बन गई हैं। आज सुबह करीब 9 बजे उन्होंने दिल्ली के अपोलो अस्पताल में बेटे को जन्म दिया। विनेश के ससुर राजपाल राठी ने बताया कि ऑपरेशन के जरिए डिलीवरी हुई है। मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। विनेश को सोमवार शाम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 6 मार्च 2025 को विनेश फोगाट ने अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर उन्होंने पति सोमवीर राठी के साथ एक फोटो शेयर करते हुए इस बारे में बताया था। उनके पति सोमवीर भी कुश्ती खिलाड़ी हैं और दो बार नेशनल चैंपियन रह चुके हैं। साल 2018 में जकार्ता में हुए एशियन गेम्स में विनेश ने गोल्ड मेडल जीता था। जब वह भारत लौटी तो दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर सोमवीर राठी ने उन्हें प्रपोज कर दिया और अंगूठी पहना दी। दोनों ने 14 दिसंबर 2018 को शादी की थी।हिंदू रीति-रिवाज से देखें तो शादी में 7 फेरे लिए जाते हैं, लेकिन विनेश और सोमवीर ने 8 फेरे लिए थे। आठवां फेरा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी खिलाओ की शपथ पर लिया था। विनेश फोगाट मूल रूप से चरखी दादरी के गांव बलाली की रहने वाली हैं और उनके पति जींद जिले के जुलाना क्षेत्र के बख्ता खेड़ा का रहने वाले हैं। इस खुशखबरी के सामने आते ही परिवार, राजनीतिक जगत और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। परिवार समेत हरियाणा कांग्रेस में जश्न का माहौल है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और सांसद कुमारी सैलजा ने विनेश को इस नए जीवन अध्याय के लिए शुभकामनाएं दी हैं। पार्टी नेताओं और समर्थकों की ओर से भी शुभकामनाएं दी जा रही हैं। विनेश फोगाट ने 2024 में पेरिस ओलिंपिक में भाग लिया था। महज 100 ग्राम वजन ज्यादा होने के कारण उन्हें अयोग्य करार दे दिया गया। विनेश फोगाट ने 8 अगस्त को कुश्ती से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया। इसके बाद विनेश ने कांग्रेस जॉइन कर ली। कांग्रेस ने विनेश को उनके ससुराल जींद के जुलाना से 2024 का चुनाव लड़वाया। विनेश फोगाट ने भाजपा के योगेश बैरागी को 6015 वोटों से हरा दिया।

## लालकृष्ण आडवाणी की रथयात्रा को बम से उड़ाने की थी साजिश, 30 साल बाद पकड़ाया आतंकी सिद्दीकी

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मदुरै में तत्कालीन उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी की रथयात्रा के दौरान पाइप बम लगाने की कोशिश में शामिल आतंकवादी अबूबकर सिद्दीकी को 30 साल बाद आंध्र प्रदेश में उसके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि सिद्दिकी दक्षिण भारत में हुए कई बम विस्फोटों की घटनाओं को अंजाम देने में शामिल था और उसे तमिलनाडु के आतंकवाद निरोधी दस्ते ने अन्नामय्या जिले में उसके ठिकाने से गिरफ्तार किया है।

पुलिस बीते तीन दशकों से नागोर के सिद्दीकी की तलाश कर रही थी और उस पर पांच लाख रुपये का इनाम भी था। पुलिस ने एक बयान में बताया कि 60 वर्षीय सिद्दीकी के साथ तिरुनेलवेली के एक अन्य भगोड़े मोहम्मद अली उर्फ ??यूनुस उर्फ ??मंसूर को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने अपने बयान में कहा, ''वे कई बम विस्फोटों और सांप्रदायिक हत्याओं में शामिल थे और तीन दशकों से पुलिस की पकड़ से बचते रहे थे।'' मंगलवार को पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को केंद्रीय खुफिया एजेंसियों की सहायता से गिरफ्तार किया गया।

# क्या कोरोना टीकों की वजह से अचानक मर रहे लोग, एम्स की स्टडी ने खत्म कर दिया शक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि कोरोना वैक्सीन और हार्ट अटैक की वजह से होने वाली अचानक मौतों में कोई संबंध नहीं है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की ओर से किए गए गहन अध्ययन के आधार पर मंत्रालय ने यह बात कही है।

कोरोना महामारी के बाद कई लोग चलते, फिरते, नाचते-गाते अचानक दम तोड़ते दिखे। एक के बाद एक इस तरह के चौंकाने-डराने वाले वीडियो सामने आए और कई लोगों ने इन मौतों के लिए कोरोना टीकों पर शक जाहिर करना शुरू कर दिया था।

मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया,आईसीएमआर और नेशनल सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल की ओर से किए अध्ययन ने इस बीत की पुष्टि की है कि भारत में कोरोना वैक्सीन के टीके सुरक्षित और प्रभावी हैं। गंभीर साइड इफेक्ट्स के मामले बेहद दुर्लभ हैं।बयान में कहा गया है कि अचानक कार्डिएक अरेस्ट वाली मौत के कई कारक हो सकते हैं जिनमें जेनेटिक्स, लाइफ स्टाइल, पहले से मौजूद समस्याएं और कोरोना के बाद की जटिलताएं शामिल हैं। मंत्रालय की ओर से कहा गया, 'अचानक कार्डिएक अरेस्ट मौतों के कई कारक हो सकते हैं, जिनमें जेनेटिक्स, लाइफस्टाइल, पहले से मौजूद समस्याएं और कोरोना संक्रमण की जटिलताएं शामिल हैं। वैज्ञानिकों ने दोहराया है कि कोरोना टीकों और अचानक मौतों को जोड़ने वाले बयान गलत और भ्रामक हैं। वैज्ञानिकों ने इनका समर्थन नहीं किया है।'




रिलीज के मुताबिक, आईसीएमआर और एनसीडीसी की ओर से 18 से 45 साल की उम्र के युवा लोगों की अचानक होने वाली मौतों को समझने के लिए अध्ययन किया गया। दो अलग-अलग तरीके से रिसर्च किया गया एक पुराने डेटा के आधार पर और दूसरा रियल टाइम जांच के आधार पर। पहला अध्ययन मई से अगस्त 2023 के बीच 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 47 अस्पतालों में किया गया। इसमें अक्टूबर 2021 से मार्च 2023 के बीच मरे ऐसे लोगों की पड़ताल की गई जो स्वस्थ दिख रहे थे और अचानक मौत हो गई। दूसरा अध्ययन एम्स और आईसीएमआर की ओर से किया जा रहा है। इसके जरिए युवाओं की अचानक मौतों की वजहों को समझने की कोशिश की जा रही है। डेटा के शुरुआती विश्लेषण से पता चलता है कि हार्ट अटैक या मायोकार्डियल इन्फार्क्शन अचानक मौतों की सबसे बड़ी वजहें हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि पिछले वर्षों की तुलना में कारणों के पैटर्न में कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया है।

# भविष्य खतरे में, कोर्ट आंखें बंद नहीं कर सकता, राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा- अब और बर्दाश्त नहीं

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान हाईकोर्ट ने देश की भावी पीढ़ी के स्वास्थ्य को लेकर बड़ा सवाल उठाया है। जस्टिस अनूप ढंड की एकलपीठ ने कुपोषण की समस्या पर स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए सख्त टिप्पणी की कि बच्चों और महिलाओं को पोषणयुक्त भोजन नहीं मिल पाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। कोर्ट ने दो टूक कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और एफएसएसएआई कानून को ईमानदारी से लागू नहीं किया जा रहा, जिससे अस्वास्थ्यकर भोजन और मोटापा बढ़ रहा है। इससे बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक विकास बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

**भविष्य खतरे में, कोर्ट आंखें बंद नहीं कर सकता :** कोर्ट ने दो टूक कहा कि जब देश के बच्चों का स्वास्थ्य और भविष्य खतरे में हो, तो अदालत मूकदर्शक नहीं बन सकती। जस्टिस ढंड ने टिप्पणी करते हुए कहा कि अधिकारी अपने कर्तव्यों के निर्वहन में विफल रहे हैं। वे न तो पौष्टिक भोजन सुनिश्चित कर पा रहे हैं और न ही जंक फूड और कोल्ड



ड्रिंक्स की रोकथाम के लिए कदम उठा रहे हैं। भूखे पेट भगवान भी याद नहीं आते हाईकोर्ट ने अपने आदेश में महात्मा गांधी के एक प्रसिद्ध कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि भूखे पेट भगवान को भी याद करना कठिन है। कोर्ट ने कहा कि भूख सिर्फ पेट नहीं जलाती, यह संस्कृति को भी नष्ट कर देती है। वैदिक ग्रंथों में भोजन को ईश्वरीय आशीर्वाद माना गया है, लेकिन आज के हालात इसे ठुकरा रहे हैं। जंक फूड बच्चों की ग्रोथ रोक रहा कोर्ट ने खासतौर से जंक फूड और कार्बोनेटेड ड्रिंक्स (कोल्ड ड्रिंक्स) पर निशाना साधा। कहा कि ये खाद्य पदार्थ बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास को बाधित कर रहे हैं। बच्चों और युवाओं को मौसमी और पारंपरिक खाद्य पदार्थों की ओर लौटाने की जरूरत है। कोर्ट ने सुझाव दिया कि दादी-नानी की रसोई और घर के बने खाने को बढ़ावा दिया जाए, जिससे बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित हो सके। सरकारें सोई हुई हैं, अधिकारियों ने आंखें मूंद ली हैं हाईकोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को भी कठघरे में खड़ा किया। कहा कि जिनके कंधों पर बच्चों के भविष्य की जिम्मेदारी है, वही आंख मूंदे बैठे हैं। एफएसएसएआई और शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी है कि स्कूलों व शिक्षण संस्थानों में जंक फूड की बिक्री पर रोक लगाएं। 30 जुलाई तक दें जवाब कोर्ट ने इस मामले में केंद्र और राज्य सरकारों के कई विभागों को नोटिस जारी किया है। गृह मंत्रालय, खाद्य मंत्रालय, महिला और बाल विकास मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय, एफएसएसएआई के साथ-साथ राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव, एसीएस बाल विकास, एसीएस खाद्य, और एसीएस शिक्षा को 30 जुलाई तक रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

## महाराष्ट्र में सभी भाषाएं बोली जाती हैं, जवाब सुनते ही दुकानदार पर टूटे लोग, मारपीट की

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुंबई में एक दुकानदार के साथ मारपीट के मामले में 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। खबर है कि दुकानदार के मराठी नहीं बोल पाने के कारण उसपर हमला किया गया। कहा जा रहा है कि मारपीट करने वाले म्हस यानी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ता थे। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, मिठाई की दुकान चलाने वाले 48 साल के बाबूलाल खिमजी चौधरी ने कहा कि कुछ लोग सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर उनकी दुकान में आए थे। उन्होंने कहा कि कपड़ों पर मनसे के चिह्न बने हुए थे। रिपोर्ट के अनुसार, जब दुकानदार ने उनके साथ हिंदी में बात की, तो बहस शुरू हो गई और मराठी नहीं बोल पाने के कारण दुकानदार के साथ मारपीट की गई।

अखबार के अनुसार, चौधरी ने कहा, दो लोग मेरे पास आए और दोबारा कहा कि अगर मुझे काम करना है, तो मुझे मराठी आनी चाहिए और बहस के बाद पीटा। उन्होंने कहा, उन लोगों ने इसका वीडियो भी बनाया और सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया। मैंने उन्हें कहा कि मेरे कर्मचारी दूसरे राज्यों से हैं और मराठी ठीक से नहीं बोल पाते, लेकिन उन लोगों ने जोर दिया कि महाराष्ट्र में सभी को मराठी



आनी चाहिए।

चौधरी ने एफआईआरमें बताया है कि जब उससे पूछा गया कि महाराष्ट्र में कौन सी भाषा बोली जाती है, तो इसपर जवाब दिया कि सभी भाषाएं बोली जाती हैं। खबर है कि इसके बाद लोग और नाराज हो गए थे।

अखबार से बातचीत में एमएनएस कार्यकर्ता ने कहा कि मराठी को लेकर इसलिए विवाद हुआ, क्योंकि दुकानदार अहंकारी था। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी कार्यकर्ता बालाजी पार्क में सरकार की तरफ से वापस लिए गए लक्र को लेकर जश्न मना रहे थे और इस मिठाई की दुकान पर पानी लेने गए थे। यहां मालिक अहंकारी था और कह रहा था कि महाराष्ट्र में सभी भाषाएं बोली जाती हैं, जिसके चलते बहस हुई।

# पति जिंदा पर विधवा पेंशन का लाभ, दिल्ली में 60 हजार महिलाओं को गलत मिल रहा पैसा: सर्वे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में हाल ही में किए गए एक सरकारी सर्वे में संकटग्रस्त महिलाओं के लिए मासिक पेंशन योजना के तहत लाभार्थियों के रजिस्ट्रेशन में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां पाई गई हैं। यहां करीब 60,000 महिलाएं पेंशन के लिए अयोग्य पाई गई हैं। अफसरों ने बताया कि कई मामलों में कुछ लाभार्थी महिला उनके पति के जिंदा रहते हुए भी गलत ढंग से विधवा पेंशन ले रही थीं। वहीं कुछ महिलाएं ऐसी थीं जिन्होंने विधवा होने के बाद दोबारा शादी कर ली थी, लेकिन उन्होंने अपने नाम लिस्ट से नहीं हटवाए। अफसरों ने बताया कि नवंबर 2024 में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दिल्लीभर में किए गए एक सर्वे के दौरान भी कई लाभार्थियों के क्रेडेंशियल नहीं मिले। दिल्ली सरकार द्वारा डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर के माध्यम से संकटग्रस्त महिलाओं (विधवा पेंशन) को हर महीने 2500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। इसका मकसद 18 साल से अधिक उम्र की विधवाओं, तलाकशुदा, अलग रह रही, छोड़ी गई या निराश्रित महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है, जिनके पास जीविका का कोई पर्याप्त साधन नहीं है और जो गरीब व जरूरतमंद हैं। आंकड़ों के अनुसार, 2007 की योजना के तहत 350,000 रजिस्टर्ड लाभार्थी थे। इस मामले से अवगत एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि



सभी अपात्र लाभार्थियों के नाम अब सूची से हटा दिए गए हैं। सभी अपात्र लाभार्थियों के नाम हटाए गए नाम नहीं बताने की शर्त पर एक अधिकारी ने कहा, हमें पता चला है कि करीब 60,000 रजिस्टर्ड लाभार्थी पेंशन के लिए पात्र नहीं थे - उनमें से कई विधवा नहीं थीं, लेकिन व पेंशन ले रही थीं। कुछ मामलों में, विधवाओं ने दोबारा शादी कर ली, लेकिन उनके नाम नहीं हटे। हमने ऐसे सभी लाभार्थियों के नाम हटा दिए हैं, जिससे उन्हें आगे पेंशन जारी नहीं हो पाएगी। अधिकारी ने कहा कि जिला स्तर पर और कैटेगरीवाइज अपात्र लाभार्थियों की डिटेल अभी उपलब्ध नहीं है। अधिकारी ने कहा, इस मामले में आगे की कार्रवाई के बारे में विभाग निर्णय लेगा। डोर टू डोर जाकर किया वेरिफेकेशन नवंबर 2024 में सरकार ने डोर टू डोर वेरिफेकेशन अभियान शुरू किया था, जिसके तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने 11 राजस्व जिलों में लाभार्थियों के घरों पर जाकर उनकी डिटेल का वेरिफिकेशन किया। योजना के पात्रता मानदंड में कहा गया है कि महिला लाभार्थी की वार्षिक आय 1 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए और आवेदक को कम से कम पांच साल से दिल्ली का निवासी होना चाहिए। विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि वेरिफिकेशन अभियान एक सतत प्रक्रिया है और यह नियमित रूप से चलाया जाता है।

# दिल्ली प्रीमियर लीग में दो नई टीमें जुड़ी, पंत सहित 10 से अधिक आईपीएल खिलाड़ी नीलामी में



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ ने मंगलवार को दूसरे सीजन से पहले दिल्ली प्रीमियर लीग में दो नई पुरुष फ्रेंचाइजी जोड़ने की घोषणा की। आउटर दिल्ली फ्रेंचाइजी को सबसे अधिक बोली लगाने वाले सविता पेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने 10.6 करोड़ रुपए में हासिल किया। नई दिल्ली फ्रेंचाइजी को भीमा टोलिंग एंड ट्रैफिक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और क्रेयॉन एडवरटाइजिंग लिमिटेड के कंसोर्टियम ने 9.2 करोड़ रुपए में खरीदा।

इससे लीग में पुरुष टीमों की संख्या 6 से बढ़कर आठ हो गई है। दो नई टीमें टूर्नामेंट के 2025 संस्करण के लिए छह मौजूदा फ्रेंचाइजी जिसमें सेंट्रल दिल्ली किंग्स, ईस्ट दिल्ली राइडर्स, नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स, पुरानी दिल्ली 6, साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज और वेस्ट दिल्ली लायंस शामिल हैं, हिस्सा लेंगी। सीजन 2 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 6 और 7 जुलाई को राजधानी में होगी। पुरुषों की नीलामी 6 जुलाई को होगी, उसके बाद महिलाओं की नीलामी 7 जुलाई को होगी।

दिलचस्प बात यह है कि पुरुषों की नीलामी में कई बेहतरीन खिलाड़ी शामिल होंगे जिनमें ऋषभ पंत, इशांत शर्मा जैसे नामी खिलाड़ी और प्रियांश आर्य, आयुष बडोनी, हर्षित राणा, दिग्वेश राठी, हिम्मत सिंह, सुयश शर्मा, मयंक यादव और अनुज रावत जैसे उभरते सितारे शामिल हैं। छ्क्क की वापसी पर बोलते हुए अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा, दिल्ली प्रीमियर लीग सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, यह राजधानी की गहरी जड़ें जमाए क्रिकेट संस्कृति का जश्न है। सीजन 1 में हमने जिस तरह की प्रतिभा देखी, वह वाकई आशाजनक थी और इस विस्तार के साथ हम और भी ज़्यादा खिलाड़ियों को चमकने का मंच दे रहे हैं।

उन्होंने कहा, प्रियांश आर्य, दिग्वेश राठी और कई अन्य प्रतिभाएं जरिए उभरीं और छ्क्क 2025 के दौरान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिससे भविष्य के सितारों के लिए लीग के महत्व को साबित किया जा सका। जुलाई में होने वाली नीलामी सीजन के लिए माहौल तय करेगी और हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि यह अनुभव फ्रैंचाइजी, खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए समान रूप से सहज और प्रभावशाली हो। हम सीजन 2 को लीग की यात्रा में एक ऐतिहासिक क्षण बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

गौरतलब है कि डीपीएल का सीजन 2 एक बार फिर नई दिल्ली के प्रतिष्ठित अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। खिलाड़ियों की नीलामी पूरी होने के बाद मैच की तारीखों और कार्यक्रमों की घोषणा की जाएगी।

## दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान केशव महाराज जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने सोमवार को बताया कि दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान केशव महाराज कमर में खिंचाव के कारण जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। महाराज, जो पूर्णकालिक नियमित टेस्ट कप्तान टेम्बा बावुमा की अनुपलब्धता के बाद जिम्बाब्वे श्रृंखला के लिए कप्तान थे, को सोमवार को पहले टेस्ट के तीसरे दिन बल्लेबाजी करते समय चोट लग गई। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने एक बयान में कहा, श्रृंखला के कप्तान को पहले टेस्ट के तीसरे दिन बल्लेबाजी करते समय चोट लग गई। चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए वह आगे के आकलन के लिए घर लौटेंगे। सेनुरान मुथुसामी को उनके प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया है, जबकि ऑलराउंडर वियान मुल्डर शनिवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में टीम की अगुवाई करेंगे। इस बीच दक्षिण अफ्रीका ने शुरुआती टेस्ट के तेज गेंदबाजों को छाप छोड़ने का एक और मौका देने के लिए लुंगी एनगिडी को भी टीम से बाहर कर दिया है। बोर्ड ने कहा, बुधवार को टीम में शामिल होने वाले तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी को रिलीज कर दिया गया है, ताकि पहले टेस्ट में प्रभावित करने वाले तेज गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाने का एक और मौका मिल सके। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप विजेता दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट में जिम्बाब्वे के खिलाफ शानदार फॉर्म में प्रदर्शन किया, जिसमें लुआन-ड्रे प्रीटोरियस, कॉर्बिन बॉश और वियान मुल्डर ने शतक जड़े, जबकि कोडी यूसुफ, महाराज, मुल्डर और बॉश ने विकेट्स लिए जिससे प्रोटियाज ने 328 रनों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। दूसरा टेस्ट भी 6 जुलाई से बुलावायो में खेला जाएगा।

### शिखर धवन का खुलासा

# जब उसने 200 बनाए, तो मैं समझ गया मेरा करियर खत्म हो गया है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के धमाकेदार ओपनर शिखर धवन ने पिछले साल 2024 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था जबकि बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने टीम के साथ अंतिम बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के तौर पर सफर किया था। इस दौरान उन्होंने तीन पारियों में केवल 18 रन बनाए। इसी दौरे में 24 वर्षीय ईशान किशन ने वनडे में दोहरा शतक जड़कर रिकॉर्ड बनाया और ऐसा करने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी बने। धवन ने खुलासा किया कि जब उन्होंने ईशान को 200 रन बनाते देखा तो उन्हें समझ आ गया था कि अब उनका करियर खत्म हो गया है।

धवन ने एक मीडिया हाउस को इंटरव्यू में कहा, मैं बहुत सारे 50 रन बना रहा था, मैंने 100 रन नहीं बनाए लेकिन मैंने बहुत सारे 70 रन बनाए। जब ईशान किशन ने 200 रन बनाए, तो मेरी अंतरात्मा ने मुझसे कहा, ठीक है बेटा यह तुम्हारे करियर का अंत हो सकता है। मेरे अंदर से एक आवाज आई। और वही हुआ। फिर मुझे याद है कि मेरे दोस्त मुझे भावनात्मक सहारा देने आए थे। उन्हें लगा कि मैं बहुत उदास हो जाऊंगा। लेकिन मैं शांत था, मैं आनंद ले रहा था।

धवन ने बांग्लादेश के खिलाफ उस मुकाबले में 3 रन बनाए और भारत ने 227 रनों की बड़ी जीत दर्ज की। यह आखिरी बार था जब बाएं हाथ का यह बल्लेबाज भारत की तरफ से खेलेगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या टीम से बाहर किए जाने के बाद भारतीय टीम के किसी साथी ने उनसे संपर्क किया, तो 39 वर्षीय धवन ने नकारात्मक जवाब दिया और कहा कि टीम में अपनी जगह खोना उनके लिए कोई झटका नहीं है, क्योंकि वह आयु वर्ग के क्रिकेट से ही इसके आदी हैं।

धवन ने कहा, %नहीं, ऐसा नहीं होता (टीम के साथी किसी के बाहर किए जाने के बाद संदेश भेजते हैं)। शायद मैंने राहुल (द्रविड़) भाई से बात की हो। उन्होंने मुझे संदेश भेजा। हर किसी की अपनी यात्रा होती है और वे काम कर रहे होते हैं या दौरे पर होते हैं, यह बहुत सामान्य बात है। हम 14 साल से कम उम्र से इसके आदी हैं, यह पहली बार नहीं है जब मुझे बाहर किया गया या टीम में शामिल किया गया।

जब भारत ने 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती, तो उन्होंने शीर्ष स्कोरर होने के लिए प्लेयर-ऑफ-द-टूर्नामेंट का पुरस्कार जीता। उन्होंने 2015 के वनडे विश्व कप और 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी में फिर से बल्लेबाजी चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया। आईसीसी प्रतियोगिताओं में उनका औसत 65 का रहा। अपने करियर के दौरान 167 वनडे मैचों में धवन ने 44.11 की औसत से 6793 रन बनाए, जिसमें 17 शतक और 39 अर्धशतक शामिल हैं। धवन ने 34 टेस्ट की 58 इनिंग्स में 40.61 की औसत और 190 के हाइएस्ट स्कोर के साथ 2315 रन बनाए हैं जिसमें 5 अर्धशतक और 7 शतक शामिल हैं। उन्होंने टी20आई में 68 मैचों में 1759 रन बनाए जिसमें 11 अर्धशतक शामिल थे। टी20आई में धवन का हाइएस्ट 92 रहा।

### भारत-इंग्लैंड दूसरा टेस्ट

# भारत की खराब शुरुआत

## वोक्स ने केएल राहुल को बोल्ड किया जायसवाल-करुण एलबीडब्ल्यू होने से बचे



**बर्मिंघम (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम पर खेला जा रहा है। बुधवार को मुकाबले का पहला दिन है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है।

पहले सेशन में भारतीय टीम ने पहली पारी में एक विकेट पर 70 रन बना लिए थे। यशस्वी जायसवाल और करुण नायर क्रीज पर थे इनसे अच्छी पारी की उम्मीद जताई जा रही थी। केएल राहुल (2 रन) को क्रिस वोक्स ने बोल्ड कर दिया। उनके ओवर में जायसवाल एलबीडब्ल्यू होने से बच गए। भारतीय टीम 3 बदलाव के साथ उतरी है। जसप्रीत बुमराह यह मैच नहीं खेल रहे हैं, उनकी जगह आकाश दीप खेल रहे हैं। नीतीश कुमार रेड्?डी और वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया गया है। बर्मिंघम टेस्ट का

**दोनों टीमों के खिलाड़ी काली पट्?टी बांधकर उतरे** - इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर वेन लार्किंस को श्रद्धांजलि देने के लिए दोनों टीमों के खिलाड़ी बांह में काली पट्?टी बांधकर उतरे।

**जायसवाल के चौके से भारत का खाता खुला था** - यशस्वी जायसवाल ने मैच का पहला ओवर डाल रहे क्रिस वोक्स की 5वीं बॉल पर चौका लगाया। इसी चौके के साथ भारतीय टीम का खाता भी खुल गया। जायसवाल ने लेग स्टंप की बॉल पर फाइन लेग की ओर धकेल दिया।

**भारतीय टीम में 3 बदलाव** - भारतीय टीम ने 3 बदलाव किए हैं। कप्तान शुभमन गिल ने टॉस के समय कहा, हम भी टॉस जीतते तो पहले गेंदबाजी ही करते। अगर पिच में कुछ है, तो पहले दिन ही रहता है। टीम में तीन बदलाव किए हैं, नीतीश रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर और आकाश दीप खेल रहे हैं।बुमराह इस मैच में नहीं खेलेंगे, यह सिर्फ उनके वर्कलोड मैनेजमेंट का फैसला है। तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स में है, वहां पिच में ज्यादा मदद मिलने की उम्मीद है, इसलिए बुमराह को वहां के लिए बचाकर रखा है। कुलदीप को खिलाने का मन था, लेकिन अंत में बैटिंग को थोड़ा और गहराई देने का फैसला किया था।

**पिछले टेस्ट से आत्मविश्वास बढ़ा- स्टोक्स** - इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा, हम पहले गेंदबाजी करेंगे। मौसम गेंदबाजी के अनुकूल हैं। पिछले टेस्ट में हमारी टीम का शानदार प्रदर्शन था, जिससे आत्मविश्वास बढ़ा है। टीम जैसे-जैसे टेस्ट आगे बढ़ता है, हालात को बेहतर तरीके से समझती हैं।

**एजबेस्टन मैदान पर 58 साल से इंग्लैंड से टेस्ट नहीं जीता भारत** - भारतीय टीम बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर पिछले 58 साल से टेस्ट मैच खेलते आ रही है। टीम ने यहां इंग्लैंड से पहला मैच 1967 में खेला था। तब से अब तक भारतीय टीम ने इस मैदान पर 8 टेस्ट खेले, लेकिन किसी में भी जीत नसीब नहीं हुई। भारतीय टीम ने यहां 39 साल पहले 1986 में एक ड्रॉ मैच खेला था, टीम को बाकी 7 मुकाबलों में हार मिली। भारतीय टीम ने इंग्लैंड में अपना सफर 1932 में शुरू किया था। तब से अब तक दोनों टीमों के बीच 137 टेस्ट मैच खेले गए। इनमें 52 टेस्ट इंग्लैंड ने अपने नाम किए, जबकि 35 मैच टीम इंडिया ने जीते। वहीं, 50 टेस्ट ड्रॉ भी रहे। भारत ने इंग्लैंड में 68 टेस्ट खेले और 9 ही मैच जीते, टीम ने यहां 22 टेस्ट ड्रॉ भी कराए हैं। हालांकि, 37 मुकाबलों में इंग्लैंड को जीत मिली।

**पिछले एक साल में पंत ने सबसे ज्यादा रन बनाए** - पिछले एक साल में ऋषभ पंत ने भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने 11 मैचों में 46.45 के एवरेज से 929 रन बनाए हैं। इतना ही नहीं, पंत ने पिछले मैच की दोनों पारियों में शतक लगाए थे। उनके अलावा, यशस्वी जायसवाल ने एक जून 2024 के बाद भारत की ओर से 41.66 के औसत से 875 रन बनाए हैं।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**इंग्लैंड-** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, जैमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

**भारत** - शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा

### एशिया कप शेड्यूल

## पांच सितम्बर से यूएई में शुरू होगा टूर्नामेंट



**यूएई (एजेंसी)।** एशिया कप 5 सितंबर को शुरू होने की संभावना है जबकि खिताबी मुकाबला 21 सितंबर को होगा। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने 17 दिन की अवधि को लगभग अंतिम रूप दे दिया है और भारत शुरुआती मैच में 7 सितंबर को पाकिस्तान से भिड़ेगा। मेजबान भारत सहित सभी भाग लेने वाले देश यूएई में खेले जाने वाले टूर्नामेंट के लिए अपनी-अपनी सरकारों से मंजूरी लेने के करीब हैं। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और यूएई भाग लेने वाले देश होंगे और बहु-राष्ट्र आयोजन ग्रुप चरण और सुपर फोर प्रारूप का पालन करने के लिए तैयार है। इसका मतलब है कि भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला कम से कम दो बार देखने को मिलेगा। दूसरा मुकाबला 14 सितंबर को हो सकता है। टूर्नामेंट की तैयारियां शुरू हो गई है और आधिकारिक प्रसारक सोनी ने एक पोस्टर भी साझा किया है। एशिया कप पर नए घटनाक्रम उन सभी हितधारकों के लिए स्वागत योग्य समाचार है जो बहु-राष्ट्रीय आयोजनों में भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत पर भरोसा कर रहे थे। हाल ही में सीमा पार तनाव ने स्थिति को थोड़ा जटिल बना दिया था, लेकिन यूएई में दोनों पक्षों के आमने-सामने होने के साथ, वैश्विक टूर्नामेंटों में इस मुकाबले का भविष्य उज्ज्वल दिखाई देता है। बांग्लादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका अगले तीन संस्करणों के आधिकारिक मेजबान होने जा रहे हैं और टूर्नामेंट का प्रारूप बदलता रहेगा।

# जेसिका पेगुला विंबलडन के पहले राउंड से बाहर

### इटली की कोकियारेटो ने हराया, डिफेंडिंग चैंपियन अल्काराज की जीत से शुरुआत

**लंदन (एजेंसी)।** दुनिया की नंबर-3 टेनिस स्टार जेसिका पेगुला विम्बलडन-2025 के पहले राउंड में उलटफेर का शिकार हो गई हैं। तीसरी सीड पेगुला को वर्ल्ड रैंकिंग में 116वें नंबर की खिलाड़ी एलिसाबेटा कोकियारेटो ने महज 58 मिनट में हरा दिया। 31 साल की अमेरिकी खिलाड़ी ने यह मैच सीधे सेट में 6-2, 6-3 से गंवाया। यह उनका इस साल का सबसे खराब प्रदर्शन है। पेगुला पिछले 5 साल में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के पहले राउंड से बाहर हुई हैं। इससे पहले वे 2020 में फ्रेंच ओपन के पहले दौर से बाहर हुई थी। पेगुला से पहले डेनियल मेदवेदेव और 8वीं सीड होल्गर रून उलटफेर का शिकार हुए।



**डिफेंडिंग चैंपियन अल्काराज की जीत से शुरुआत** - 2 बार के चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने जीत से शुरुआत की। उन्होंने इटली के फैबियो फोगनिनी को 4 घंटे से ज्यादा चले मैच में 7-5, 6-7 (5-7), 7-5, 2-6, 6-1 से हराया। अब उनका मुकाबला 21 साल के टार्वेट से होगा, जिन्होंने विंबलडन में अपने पहले मैच में स्विट्जरलैंड के लिएंड्रो रीडी को हराया है।

**सबालेंका की वर्ल्ड नंबर-1 रहते 50वीं जीत** - दुनिया की नंबर-1 महिला टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने टूर्नामेंट में बेहतरीन जीत से आगाज किया। सबालेंका ने कनाडा की कार्सन ब्रेंस्टीन को लगातार सेट में 6-1, 7-5 से हराया। यह सबालेंका की वर्ल्ड नंबर-1 रहते ?हुए विमेंस टेनिस एसोसिएशन में 50वीं जीत रही। वे ऐसा करने वाली 9वीं ?खिलाड़ी बनीं। उनसे पहले, हिंगिस, सेरेना, डेवनपोर्ट, जस्टिन हेनिन, वोज्नियाकी, अजारेंका, बार्टी और स्वातेक ने ऐसा कर चुकी है।सबालेंका की इस साल यह 43वीं जीत थी। वे साल 2023 के बाद इस ग्रैंड स्लैम में हिस्सा ले रही हैं। डेनियल मेदवेदेव और टूर्नामेंट के 8वीं सीड होल्गर रून पहले राउंड में उलटफेर का शिकार हुए। रून को निकोलस जैरी ने 4-6, 4-6, 7-5, 6-3, 6-4 और मेदवेदेव को बेंजामिन बोंजी ने 7-6, 3-6, 7-6, 6-2 से हराया।

# छह साल की उम्र में थामा बैडमिंटन, अब जूनियर वर्ल्ड नंबर 1 बनीं भारत की तन्वी शर्मा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब की गोल्डन गर्ल तन्वी शर्मा बैडमिंटन में जूनियर वर्ल्ड नंबर 1 बन गई हैं। तन्वी हाल ही में बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 यूएस ओपन 2025 में महिला एकल वर्ग में उपविजेता रहीं थी। महिला एकल के फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा को शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका की बेइवेन झांग के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार का सामना करते हुए रजत पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व टूर स्तर के अपने पहले फाइनल में खेल रही गैर-वरीयता प्राप्त इस किशोर खिलाड़ी को 46 मिनट में 11-21, 21-16, 10-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। विश्व में 66वें स्थान पर काबिज यह युवा भारतीय शटलर जूनियर विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी बन गई है और विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में शीर्ष 50 में शामिल हो गई है। उसने बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 में अपने अभियान से वैश्विक बैडमिंटन समुदाय को चकित किया जिसमें विश्व की 23वें नंबर की खिलाड़ी सहित कई उच्च रैंक वाली प्रतिद्वंद्वियों को हराकर फाइनल में प्रवेश करना शामिल था। तन्वी अगले महीने होने वाली एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में पदक जीतने का लक्ष्य रखकर चल रही है। वह अब गुवाहाटी में भारतीय बैडमिंटन टीम के शिविर में शामिल होगी। टीम अगले महीने इंडोनेशिया में होने वाली एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में भाग लेगी। तन्वी ने 6 साल की छोटी सी उम्र में बैडमिंटन खेलना शुरू कर दिया था। शुरू से से ही प्रतिभाशाली रही तन्वी ने प्रतिष्ठित पुलेला गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी में चार साल से अधिक समय तक प्रशिक्षण लिया। इस दौरान उसने भारत के कुछ शीर्ष शटलरों के साथ ट्रेनिंग ली जिसने उनके कौशल को निखारा।

# गुइरासी के दो गोल से डॉर्टमंड क्वार्टर फाइनल में, गार्सिया के गोल से रियल मैड्रिड भी अंतिम-8 में

**लंदन, एजेंसी।** सेरहो गुइरासी ने पहले हाफ में दो गोल किए, जिससे बोरूसिया डॉर्टमंड ने क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 के मैच में मॉन्टेरी को 2-1 से हरा दिया। गुइरासी ने 14वें और 24वें मिनट में गोल किए जो डॉर्टमंड को क्वार्टर फाइनल में पहुंचाने के लिए पर्याप्त थे। इन दोनों गोल में करीम अदीमी ने उनकी मदद की। वह अपने इस क्लब की तरफ से अभी तक कुल 37 गोल कर चुके हैं। पराजित टीम की तरफ से एकमात्र गोल जर्मन बर्टेरामे ने किया। क्वार्टर फाइनल में डॉर्टमंड का सामना शनिवार को न्यू जर्सी में रियल मैड्रिड से होगा। गोंजालो गार्सिया ने क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना तीसरा गोल किया, जिससे रियल मैड्रिड ने राउंड ऑफ 16 में युवेंटस को 1-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे की गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल बीमारी के कारण गार्सिया ने रियल मैड्रिड के सभी चार मैचों में शुरुआत की है। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने मंगलवार को 54वें मिनट में हेडर से गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।

# ट्रायवल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन ने ई अटेंडेंस का किया विरोध

## ई अटेंडेंस व्यवस्था व्यावहारिक नहीं और मानवीय संवेदनाओं का भी ध्यान नहीं

**पन्ना।** एक जुलाई से प्रदेश के समस्त विद्यालयों में हमारे शिक्षक एप के माध्यम से शिक्षकों की ई अटेंडेंस व्यवस्था लागू करने के निर्देश के बाद शिक्षकों में रोष व्याप्त हो गया है। निर्देश के अनुसार यदि शिक्षक स्कूल खुलने और बंद होने के समय अपने मोबाइल से उपस्थिति दर्ज नहीं करा पाता है तो उससे बिना कोई स्पष्टीकरण लिए सीधे वेतन काटने की व्यवस्था बनाई गई है। एक प्रकार से यह व्यवस्था मानवीय मूल्यों को दर किनार कर इलेक्ट्रॉनिक यंत्रों के हवाले कर दी गई है। मोटी तनख्वाह लेने वाले उच्चाधिकारियों की कार्य शैली पर प्रश्न चिन्ह है शिक्षकों का कहना है कि शहर के विद्यालयों को छोड़कर यदि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों विशेषकर ट्राइबल क्षेत्र के विद्यालयों पर गौर किया जाए तो 40 प्रतिशत से अधिक शिक्षक बहुत ही विपरीत परिस्थितियों में अपनी सेवाएं दे रहें हैं। आज भी शिक्षक ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षक आवास के अभाव के चलते पहाड़ी और दुर्गम रास्तों को पार अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इन शिक्षकों को बच्चों को पढ़ाने के अलावा उनके आधार कार्ड, समग्र आई डी, अपार आई डी, जाति प्रमाण पत्र बनवाने, बैंक खाता खुलवाने उसमें सुधार करवाने, छात्रों के प्रोफाइल पंजीयन, मैपिंग, जैसे दर्जनों कार्यों के लिए विद्यालय से बाहर आए दिन दौड़ धूप करनी पड़ती है। बरसाती दिनों में नदी नाले में बाढ़ आदि का भी सामना करके स्कूल पहुंचना होता है। बहुत से दुरूह क्षेत्रों में आज भी मोबाइल में नेटवर्क नहीं मिलता है, ऐसे में शिक्षक द्वारा अपने मोबाइल से स्कूल खुलने और बंद होने के टाइम पर हाजिरी लगाना एक दम अव्यवहारिक है। जहां शिक्षक अपने पढ़ाने के मूल कार्य के अतिरिक्त विद्यार्थियों के हित से जुड़े व्यक्तिगत कार्यों को भी पूर्ण कराता है, ऐसे में शिक्षकों के कार्यों का आकलन सिर्फ मशीनरी के द्वारा करना अनुचित और अन्याय पूर्ण है। ई अटेंडेंस का मामला न्यायालय में लंबित।

उल्लेख है कि पूर्व में 2अप्रैल 2018 से भी एम शिक्षा मित्र के माध्यम से ई अटेंडेंस लगाने के निर्देश दिए गए थे तब ई-अटेंडेंस



लगाने के स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश के खिलाफ डी के सिंगौर सहित 53 अध्यापक और शिक्षकों ने मिलकर एम शिक्षा मित्र के माध्यम से स्वयं के मोबाइल द्वारा अटेंडेंस लगाने और उसी आधार पर वेतन बिल जनरेट किये जाने वाली कन्डिका को न्यायालय में चुनौती दी थी और उस पर रोक लगाने की मांग की थी। याचिकाकर्ताओं ने याचिका में कहा था कि ग्रामीण क्षेत्रों वाली अधिकांश शालाओं में मोबाइल नेटवर्क नहीं रहता जिससे अटेंडेंस नहीं लग सकेगी और बेवजह उनका वेतन काटा जायेगा। लगभग 30 याचिकाकर्ताओं ने शपथ के साथ बताया था कि उनके स्कूल वाले गांव में नेटवर्क कभी भी नहीं रहता है। याचिका कर्ताओं ने यह भी कहा कि निजी मोबाइल से अटेंडेंस लगवाया जाना उचित नहीं है कर्मचारी इसे घर पर भूल भी सकते हैं गुम या खराब भी हो सकता है ऐसे में स्कूल में उपस्थित होने के बावजूद वेतन काट लिया जायेगा। कोर्ट में यह दलील भी दी गई कि कई कर्मचारी मोबाइल उपयोग नहीं करते हैं उन्हें मोबाइल उपयोग करने के लिये बाध्य नहीं किया जा सकता है। सरकार द्वारा शिक्षकों को मोबाइल भत्ता भी नहीं दिया जाता है। इस मामले की पहली सुनवाई 2 एप्रिल 2018 को ही कोर्ट में हुई थी लेकिन सरकारी अधिवक्ता ने यह कहकर समय ले लिया था कि मुख्यमंत्री जी ने अध्यापकों और शिक्षकों के विरोध के बाद खुद इस पर रोक लगाने की बात कही है। इस मामले की अगली सुनवाई अब 14जुलाई 2025को संभावित है। 2अप्रैल 2018 से एम शिक्षा मित्र के माध्यम से लागू की जाने वाली ई अटेंडेंस व्यवस्था का जब शिक्षकों ने विरोध किया तो तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 1अप्रैल 2018को मुख्यमंत्री आवास में शिक्षक संगठनों का कार्यक्रम आयोजित कर उसमें कहा था कि एम शिक्षा मित्र से ई अटेंडेंस एक अपमान जनक शर्त है जिसे में लागू नहीं होने दूंगा उन्होंने यह भी कहा था कि शिक्षकों के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ करने इजाज़त किसी को भी नहीं दी जाएगी। श्री शिवराज सिंह चौहान के इस ऐलान के बाद यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई। हमारे शिक्षक एप से हाजिरी भी अव्यवहारिक ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन ने वर्तमान पोर्टल से ई अटेंडेंस को अव्यवहारिक बताते हुए कहा है कि अधिकाशं मामलों में शिक्षक की सही लोकेशन ही सर्च नहीं होती वह विद्यालय में होता है और लोकेशन कहीं और की दिखाई देती है। आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देश में कहा गया कि यदि जो विद्यालय दोनों समय ई अटेंडेंस लगाएंगे उन विद्यालयों का बिना उच्चाधिकारियों की अनुमति के निरीक्षण नहीं किया जाएगा। यह बात हास्यास्पद है क्या मंशा सिर्फ ई अटेंडेंस को सफल बनाना है, विद्यालय में शिक्षा गुणवत्ता से कोई मतलब नहीं है। सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक व्यवस्था पर भरोसा करके वेतन व्यवस्था बनाना कई विवादों और समस्याओं को जन्म देगा और जिसके चलते शिक्षक हर समय खुद को तनावग्रस्त महसूस करेगा। एसोसिएशन का मानना है कि बजाए ऐसे अव्यावहारिक योजनाएं लाने से अच्छा अपना मॉनिटरिंग सिस्टम सशक्त करना चाहिए, शिक्षकों से गैर शिक्षकीय कार्य पर पूर्ण रूप से रोक लगानी चाहिए, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षक आवास बनाना चाहिए, गोपनीय चरित्रावाली लिखने की वर्तमान व्यवस्था में सुधार किए जाने की आवश्यकता है। शिक्षकों के मोबाइल से ई अटेंडेंस लगाने और उसे वेतन व्यवस्था से जोड़ने जैसी विवादास्पद योजना की बजाए विद्यालयों में बायोमेट्रिक मशीन लगानी चाहिए। अटेंडेंस कि जो भी व्यवस्था लागू हो वो सभी कर्मचारियों में समान रूप से लागू की जानी चाहिए सिर्फ शिक्षकों के लिए इस तरह की अपमानित करने की योजना जब जब बनाई जाएगी शिक्षक समुदाय उसका विरोध करेगा।

# संयुक्त भवन कलेक्टर कार्यालय बना कुत्तों का अड्डा, लोग परेशान



**पन्ना।** जिला कलेक्ट्रेट परिसर में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक बेकाबू होता जा रहा है। जहां एक ओर यह परिसर प्रशासनिक कार्यों का केंद्र है, वहीं दूसरी ओर अब यह आवारा कुत्तों का अड्डा बन चुका है। दिनभर परिसर में झुंड के झुंड कुत्ते बेरोक-टोक घूमते देखे जा सकते हैं, जिससे यहां आने वाले नागरिक, कर्मचारी और अधिकारी तक दहशत में हैं।

पिछले कुछ दिनों में कुत्तों के हमले के कई मामले सामने आ चुके हैं। बच्चों और बुजुर्गों को दौड़ाने की घटनाएं अब आम हो गई हैं। लोगों का कहना है कि कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की नींद अब तक नहीं टूटी है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि कलेक्टर कार्यालय जैसी जगह जहां हाई-सिक्योरिटी और व्यस्त जगह पर यह समस्या गंभीर रूप ले चुकी है, लेकिन नगर पालिका और प्रशासन मौन है। कुत्तों की बढ़ती संख्या न केवल लोगों की जान के लिए खतरा बन चुकी है, बल्कि इससे सरकारी तंत्र की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

स्थानीय लोगों और कलेक्ट्रेट कर्मियों ने जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र इन आवारा कुत्तों को नहीं हटाया गया,कोई भी बड़ी घटना हो सकती है।

प्रशासन को चाहिए कि वह कलेक्ट्रेट की गरिमा बनाए रखने के लिए इस मामले को गंभीरता से लेकर अविलंब कार्यवाही करे।

# सर्वे में पात्र पाए गए भूमिहीनों को अति शीघ्र पट्टे वितरित करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**पन्ना।** 30 जून 2025 को म.प्र. शासन से अधिमान्यता प्राप्त पत्रकार पन्ना लक्ष्मीनारायण चिरोलया ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर पन्ना को ज्ञापन सौंप कर बताया है कि पन्ना नगर के अंतर्गत सर्वे में पात्र पाये गये भूमिहीन, आवासहीनों को शीघ्र से शीघ्र आवासीय पट्टे वितरित किये जायें। ज्ञापन के बिन्दु क्रमांक 2 एवं 3 में उल्लेख किया गया है कि पटवारी हल्का नं. 15 के अंतर्गत स्थानीय छत्रसाल पार्क के पास खसरा नं. 3190/2 की भूमि जिसे शासकीय भूमि घोषित कर दी है जो कभी सभापति हिन्दी साहित्य सम्मेलन पन्ना के नाम खसरा पंचशाला रिकार्ड में 1964 से 2000 तक दर्ज रही। अत: उक्त भूमि के तहत 100 बाय 50 की भूमि साहित्य एवं पत्रकार भवन के निर्माण हेतु नियमों को शिथिल करते हुए आवंटित की जाये अथवा अजयगढ़ चौराहा के पास शासकीय आवास क्रमांक एच-48 जो कि रिक्त है उसे मय भूमि के साहित्य एवं पत्रकार भवन पन्ना के नाम से आवंटित की जाए। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 31 जुलाई 2025 तक ज्ञापन में उल्लेखित बिन्दुओं का निराकरण नहीं हुआ तो 09 अगस्त 2025 से जिला कलेक्ट्रेट के पास धरना आयोजित किया जावेगा।

# अधिमान्य पत्रकारों ने कलेक्टर और एसपी को सौंपा ज्ञापन

**मुख्यमंत्री नाम भी दिया मांग पत्र**

**एसपी ने तुरंत कार्यवाही शुरू की**

**पन्ना।** जिले में मध्य प्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त अधिमान्य पत्रकारों ने अध्यक्ष बृजेंद्र गर्ग के नेतृत्व में आज कलेक्टर सुरेश कुमार एवं एसपी साइन कृष्ण थोटा से मुलाकात कर समस्याओं को लेकर चर्चा की अपनी मांगे रखते हुए ज्ञापन सोपा है

अध्यक्ष बृजेंद्र गर्ग ने बताया कि कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मांग की गई है मध्य प्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त अधिमान्य पत्रकारों को सरकार द्वारा पत्रकार सम्मान निधि (पेंशन) देने का प्रावधान है पुराने नियमों में बदलाव कर जटिलता पैदा की गई है जिससे





अंशकालिक और मैदानी अधिमान्य पत्रकारों को पेंशन प्राप्त नहीं हो पाएगी, संस्थान से नियमित वेतन और भुगतान प्रमाणीकरण का प्रावधान समाप्त किया जाए, सरकार से 10 वर्ष की मान्यता प्राप्त को ही पात्रता माना जाए, क्योंकि ग्रामीण मैदानी पत्रकारों को नियमित वेतन के स्थान पर संस्थान खर्च के रूप में पैसा देते हैं, कोरोना कल में रेलवे यात्रा कंसेशन पास बंद कर दिए गए हैं जिसे बहाल कराया जाए

जिला मुख्यालय से छोटे विज्ञापन जारी कराये जाए जिससे स्थानीय अखबार और मैदानी पत्रकारों को लाभ मिले प्रदेश के सभी मीडिया संस्थानों में मजीठिया वेतनमान लागू करने की अनिवार्यता की जाए। सभी पत्रकारों ने कलेक्टर सुरेश कुमार को भी ज्ञापन दिया और कहा कि पन्ना जिले में मध्यप्रदेश शासन से मान्यता अधिमान पत्रकारों सूची अलग से श्वह्श ऑफिस में संधारित कराई जाए प्रत्येक शासकीय कार्यालय में अधिमान्य पत्रकारों की सूची भेज कर इंट्रोड्यूस कराया जाए। पत्रकारों के साथ निर्धारित जिला प्रशासन की त्रैमासिक बैठक नियमित कराई जाए जिले में कवरेज के लिए आवागमन के लिए सार्वजनिक वाहनों के लिए यात्रा पास की व्यवस्था की जाए शासकीय कार्यक्रमों में पत्रकारों को आमंत्रित किया जाता था लेकिन अब परंपरा विलुप्त हो रही है कृपया व्हाट्सएप पर मैसेज डालने के स्थान पर परंपरागत तरीके से आमंत्रित किया जाए। संगठन के सचिव शिवकुमार त्रिपाठी ने बताया हमने एसपी साई कृष्ण थोटा से मांग की है कि मध्य प्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त अधिमान्य पत्रकारों की सूची प्रत्येक थाना एवं चौकी में भेज कर इंट्रोड्यूस कराया जाए, जिले में घटित घटनाओं एवं थानों में दर्ज एफआईआर की सूचना पुष्टि हेतु अधिकारियों को निर्देशित करें जिससे सही और सटीक सूचना मिल सके समाचार प्रकाशित कर सके पत्रकारों और पुलिस के बीच संवाद और समन्वय की व्यवस्था की जाए ह्यश्च ने कार्यवाही शुरू कर दी है और पुलिस अधिकारियों और अधिमान्य पत्रकारों के बीच संवाद के लिए अलग से तत्काल व्हाट्सएप ग्रुप बना दिया है, अधिमान्य पत्रकारों की सूची थाना और चौकिया में भेज दी गई है ज्ञापन सौंपने में अध्यक्ष बृजेंद्र गर्ग,अरुण सिंह,मनीष मिश्रा, शिवकुमार त्रिपाठी, बालकृष्ण शर्मा, सुरेश पांडे, राकेश शर्मा, बी एन जोशी, संजय तिवारी, अमित खरे, कादिर खान, बृज किशोर द्विवेदी, गणेश विश्वकर्मा संजू खरे पवई, रामावतार विश्वकर्मा, लक्ष्मी नारायण चिरोलिया सहित पत्रकार मौजूद रहे रहे।

# डॉक्टर पीपी मिश्रा बनाए गए छत्रसाल महाविद्यालय के प्राचार्य



**पन्ना।** छत्रसाल महा विद्यालय के प्राचार्य एसपीएस परमार 30 जून को सेवानिवृत हो गए उनके स्थान पर वरिष्ठ प्राध्यापक पीपी मिश्रा को छत्रसाल महाविद्यालय के प्राचार्य पद का दायित्व सोपा गया है श्री मिश्रा बहुत ही अनुभवी तथा प्रशासनिक क्षमता के धनी है इसलिए उन्हें यह दायित्व सोपा गया श्री मिश्र को प्राचार्य बनाए जाने पर महाविद्यालय के स्टाफ नगर के गणमान्य नागरिकों पत्रकारों ईस्ट मित्रों शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

# जमुनहाई खुर्द कोडानपुरा ग्राम में सड़क बनाए जाने को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**पन्ना।** पन्ना जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत तिलगावा के ग्राम जमुना हाई खुर्द कोढ़न पुरा के लिए तड़पना होने के कारण ग्रामीण भारी परेशान है उक्त मामले को लेकर एकलव्य सेना एक ब्लाक अध्यक्ष बृजेंद्र यादव के नेतृत्व में ज्ञापन सोपा गया जिसमें उल्लेख किया गया कि सड़क न होने के कारण ग्रामीण लोगों एवं छात्राओं को बरसात के समय में आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है पूर्व में मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत निर्माण कार्य किया गया था लेकिन उक्त कार्य में भारी भ्रष्टाचार हुआ तथा घटिया सड़क बनाए जाने के कारण उक्त सड़क कुछ ही दिनों में समाप्त हो गई जिससे आम लोग भारी परेशान है जिसको लेकर ज्ञापन दिया गया है तथा तत्काल सड़क बनाई जाने की मांग की है ज्ञापन देने वालों में एकलव्य सेना के जिला अध्यक्ष जय राम यादव देबू गोंड राजा बाबू पटेल कुलदीप यादव राहुल रजक नरेश गौड़ जयेंद्र यादव जीवी राजा सुखेंद्र यादव राजकुमार आदिवासी तिलक सिंह यादव नाथू रजक देशराज लोधी धन सिंह यादव सहित अनेक लोगों उपस्थित रहे।

# बृहस्पति कुंड जलप्रपात से लापता तीनों युवकों के शव बरामद

**पन्ना।** विगत 29 जून को बृजपुर थाना अंतर्गत बृहस्पति कुंड जलप्रपात में तीन युवक गहरे पानी में डूब गए थे जिनके शव तीन दिन बाद एसडीआर एफ टीम द्वारा बरामद कर लिए गए हैं ज्ञात हो कि 29 जून को तीन युवक पानी की तेज बहाव में बह गए थे जिनके शव बरामद हुए हैं कृष्ण शर्मा निवासी सतना उम्र 20 वर्ष तुरंत चौधरी निवासी सतना एवं अभिषेक ढीमर निवासी देवेंद्र नगर



का शव एक दिन पूर्व बरामद हो चुका था तीनों के शव मिलने से मृतकों परिवारों में शोक का माहौल क़ायम है ज्ञात होगी बृहस्पति कुंड में आए दिन इस प्रकार की घटनाएं घटित होती हैं लेकिन उसके बावजूद जहां एकओर पर्यटक उच्च स्थान जाने से नहीं मान रहे हैं वहीं दूसरी ओर प्रशासन द्वारा भी लोगों को रोकने के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है जिससे घटनाएं घटित हो रही हैं।

# पुलिस द्वारा थाना कोतवाली के दो प्रकरणों में फरार चल रहे 2 स्थायी वारटियों को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्ण एस थोटा के निर्देशन में जिले में फरार स्थायी वारण्टियों की अधिक से अधिक तामीली हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना कोतवाली के दो प्रकरणों में लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारण्टियों के संबंध में सूचनाएं प्राप्त हुई, जिसके आधार पर थाना स्तर पर दो अलग-अलग टीमों का गठन कर कार्यवाही की गई।

फरार स्थायी वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा लगातार तलाश-पतारसी की गई, स्थानीय स्तर पर सूत्रों से जानकारी संकलित की गई तथा तकनीकी संसाधनों का उपयोग कर संबंधित आरोपियों के संबंध में सूचनाएं एकत्र की गईं, जिसके आधार पर थाना स्तर पर गठित अलग-अलग टीमों को लंबे समय से फरार चल रहे दोनो स्थाई वारंटियो को गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

गिरफ्तारी का विवरण में माननीय न्यायालय के प्र.क्र. 131/2020 धारा 279 भा.द.वि. में फरार आरोपी स्थायी वारण्टी बिल्ले उर्फ सौरभ पिता रामकृपाल यादव उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम गहरा थाना बृजपुर को पुलिस टीम द्वारा बृजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गहरा से गिरफ्तार किया गया।

माननीय न्यायालय के प्र.क्र. 1483/13 धारा 279,427 भा.द.वि. में फरार स्थायी वारण्टी बसंतलाल कोल पिता रमई कोल उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम बरहा थाना मझगवां जिला सतना को पुलिस टीम द्वारा भरतकूप चित्रकूट से गिरफ्तार किया गया।

उक्त दोनो स्थायी वारण्टियों को माननीय न्यायालय मे पेश किया गया है। जहां से माननीय न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेजने की कार्यवाही की गई है।

सराहनीय योगदान में उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली रोहित कुमार मिश्रा, प्र.आर. जयपाल सिंह, अशोक सिंह, अइमात सेन, खेमचन्द्र राय, वृषकेतु रावत, आर. अमर सिंह, फेरन सिंह, चालक आर. बृजगोपाल बागरी एवं सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# नगर पालिका में पदस्थ रहे राजस्व निरीक्षक ओम प्रकाश खरे का दुखद निधन



**पन्ना।** नगर पालिका पन्ना में पदस्थ रहे राजस्व निरीक्षक एवं पार्क प्रभारी ओमप्रकाश खरे प्रकाश निवासी आगरा मोहल्ला का लंबी बीमारी के चलते दुखद निधन हो गया है श्री खरे अच्छे फुटबॉल खिलाड़ी तथा मैनेजमेंट में माहिर माने जाते थे मिलनसार मृदु भाषी तथा अच्छे इंसान थे उनके निधन पर नगर पालिका के अध्यक्ष पार्षदों अधिकारी कर्मचारी नगर के गणमान्य नागरिकों पत्रकारों ने गहन दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है तथा ईश्वर से शोकाकुल परिवार को उक्त बज्र पात सहन करने की शक्ति ईश्वर से प्रदान करने की कामना है।

# जिंदा को मृत बताने वाले सचिव अरविंद मिश्रा निलंबित

## सीईओ ने की सख्त कार्यवाही, रोजगार सहायक को नोटिस जारी

**पन्ना।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने जनपद पंचायत पन्ना सीईओ के प्रस्ताव पर पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बराछ के सचिव अरविंद कुमार मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्रवाई की है। निलंबन अवधि में सचिव का मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय पन्ना निर्धारित किया गया है। साथ ही ग्राम पंचायत रनवाहा के सचिव कृष्णपाल सिंह बुंदेला को आगामी आदेश तक बराछ का अतिरिक्त सचिवीय प्रभार सौंपा गया है। निलंबन अवधि में निलंबित सचिव को जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। जिला पंचायत सीईओ द्वारा म.प्र. पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियम 1999 के नियम 4 के तहत सचिव को निलंबित कर विभागीय जांच भी संस्थित की है। इसके लिए जनपद पंचायत सीईओ पन्ना को जांचकर्ता अधिकारी एवं खण्ड पंचायत अधिकारी जनपद पंचायत पन्ना को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त कर एक माह के भीतर विभागीय जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि बराछ निवासी जानकी आदिवासी को सचिव द्वारा समग्र पोर्टल पर मृत घोषित कर दिया गया। इससे जानकी को गत मार्च माह से विधवा पेंशन नहीं प्राप्त हुई। इस संबंध में हितग्राही महिला द्वारा पूछताछ पर सचिव ने बताया कि पेंशन ऊपर से बंद है और इसमें सुधार के लिए 5 हजार रूपए की मांग की गई। सचिव ने बराछ निवासी गिरवल की समग्र आईडी को भी समग्र पोर्टल पर मृत घोषित कर दिया था। सचिव के पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही व उदासीनता बरतने तथा उक्त कृत्य म.प्र. पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 के नियम 3 के प्रावधानों के प्रतिकूल पाए जाने पर सचिव को निलंबित किया गया है। जिला पंचायत सीईओ द्वारा बराछ निवासी जानकी आदिवासी के प्रकरण में पदीय दायित्वों के प्रति सजग न रहकर घोर लापरवाही व स्वेच्छाचारिता बरतने पर रोजगार सहायक रंजना मिश्रा को भी नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। इसके माध्यम से आगामी जुलाई को प्रमाण सहित समक्ष में उपस्थित होकर जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं अन्यथा एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

# कलेक्टर पुलिस अधीक्षक को सौंपा

**पन्ना।** पन्ना में नगर पालिका कर्मचारियों का अजीबोगरीब कारनामा फिर देखने को मिला, जहां मोहर्रम माह में वर्षो पुराने इमाम चौक ताजिया स्थल को बिना किसी पूर्व सूचना के नगर पालिका के कर्मचारियो के द्वारा तोड़फोड़ करने से गुस्साए ताजियादारों ने आज कलेक्टर एवं एसपी को ज्ञापन सौंपा कार्यवाही की मांग की। दिए गए ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि आवेदिका श्रीमती नूरजहाँ पत्नी श्री टाईगर खान निवासी जगात चौकी पन्ना जो साइंस कॉलेज के पास इमाम चौक (चबूतरा) ताजिया स्थल पिछ्ले 25-30 वर्षों से बना हुआ था, जिस पर हजरत मुहम्मद साहब की याद मे ताजिया रखा जाता रहा है विगत दिनांक 28 जून 2025 को दोपहर लगभग 12 बजे के आस-पास नगर पालिका परिषद् पन्ना के कर्मचारियों द्वारा जे.सी.बी. मशीन से उक्त धार्मिक स्थल को तहस-नहस कर दिया गया है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, गुरूवार 03 जुलाई 2025




रीवा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 सुंदर नगर ईव्हीएम रूम से लेकर पटेल हॉस्टल तक नाला निर्माण कार्य का भूमि पूजन वार्ड पार्षद श्रीमती विमला सिंह पुत्र सतीश सिंह की उपस्थित में हुआ।



## दिव्यांगों को कृत्रिम उपकरण वितरण शिविर बारिश के बाद करें आयोजित : कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र की प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि दिव्यांगों के कल्याण से जुड़ी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए सामाजिक न्याय विभाग तथा जिला रेडक्रास समिति मिलकर प्रयास करें। जिले के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित करें। जिले में कृत्रिम उपकरण के पात्र दिव्यांगों का चयन करके उन्हें कृत्रिम उपकरण प्रदान करने के लिए बारिश के बाद शिविर आयोजित करें। जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के भवन निर्माण के लिए उपयुक्त स्थल पर रिक्त भूमि का चयन करके आवंटन के लिए ऑनलाइन आवेदन कराएं। कलेक्टर ने कहा कि निरामय बीमा योजना का लाभ देने के लिए पात्र दिव्यांगों का चयन कर लें। निर्धारित प्रीमियम की राशि जमा कराकर दिव्यांगों को बीमा सुरक्षा का लाभ दें।

बैठक में लीगल गार्जियनशिप के 8 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में 10 किलोवाट तथा वृद्धाश्रम में 5 किलोवाट का सोलर पैनल लगाने, फिजियोथेरेपिस्ट के पद पर नियुक्ति तथा जिला रेडक्रास समिति की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में कलेक्टर ने वृद्धाश्रम संचालन के लिए अनुदान राशि के भुगतान तथा दिव्यांगों के पंजीयन के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में जिला रेडक्रास समिति के अध्यक्ष डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी तथा सचिव विनोद कुमार श्रीवास्तव ने समिति के कार्यों की जानकारी दी। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे ने बैठक में विभागीय योजनाओं तथा दिव्यांग शिविरों के संबंध में जानकारी दी। बैठक में सिविल सर्जन डॉ प्रतिभा मिश्रा, उपाध्यक्ष जिला रेडक्रास समिति एके खान, महाप्रबंधक उद्योग जेपी तिवारी, अधिवक्ता श्री संतोष अवधिया, प्रशासनिक अधिकारी डीडीआरसी सुरेन्द्र सिंह, श्री प्रशांत जैन, ट्रस्ट के प्रतिनिधि श्री शशिधरमणि त्रिपाठी तथा समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## जिले में अब तक 138.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में 2 जुलाई को 6.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक 15 मिलीमीटर वर्षा मनगवां तहसील में दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक 138.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक तहसील हुजूर में 161.4 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 106.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 215 मिलीमीटर, सिरमौर में 175.8 मिलीमीटर, त्योंथर में 55 मिलीमीटर, सेमरिया में 155 मिलीमीटर, मनगवां में 142 मिलीमीटर तथा जवा में 95 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज गयी। गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 62.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गयी थी।

## शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के स्थापना दिवस पर विश्वविद्यालय के रामानुजन सभागार में कार्यक्रम सम्पन्न



**रीवा।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के स्थापना दिवस का कार्यक्रम गणितीय विज्ञान विभाग अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के रामानुजन सभागार में संपन्न हुआ। स्थापना दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के माननीय कुलगुरु प्रोफेसर राजेंद्र कुमार कुडारिया, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह परिहार, गणित विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राकेश कुमार कटारे एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ. श्रवण कुमार पाण्डेय रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अनामिका दुबे द्वारा किया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पर्यावरण जीव विज्ञान विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर अतुल कुमार तिवारी, डॉ अनुराग मिश्रा, डॉक्टर कमलेश गौतम, डॉ मुक्ता त्रिपाठी, डॉ अतेंद्र गौतम, डॉ सुनील तिवारी, डॉ सूर्य प्रकाश पांडे, डॉ संदीप मिश्रा, श्री संतोष सिंह श्री ओमप्रकाश तिवारी एवं अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी एवं विभाग के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अतिथियों के स्वागत भाषण के क्रम में प्रोफेसर कटारे ने कहा कि हमारी संस्कृति एवं शिक्षा को मुगलों एवं अंग्रेजों के समय से नष्ट किया जाने लगा था। हमारी संस्कृति एवं शिक्षा इतनी समृद्धि थी कि मंदिरों पर विज्ञान के प्रयोग एवं गणित के सूत्रों को उकेरा गया था। पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ अतुल तिवारी जी अपने उद्बोधन में पर्यावरण इकाई पर बोलते हुए बरगद और पीपल लगाने का आह्वान किया। शिक्षा मातृभाषा में हो इस विषय पर जोर दिए। विश्वविद्यालय के कुल सचिव जी ने अच्छा इंसान अच्छी शिक्षा से ही बनता है इस बात पर जोर दिया। कुलसचिव जी ने कहा कि प्रथम बार विद्यालय में जाने वाला बच्चा यदि अच्छी शिक्षा पाता है तभी उसका समग्र विकास होता है और वह अच्छा इंसान बनता है। न्यास विगत 21 वर्षों से इस दिशा में कार्य कर रहा है। न्यास द्वारा नई शिक्षा नीति में अतुलनीय सहयोग दिया गया है। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के स्थापना दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलगुरु एवं इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजेंद्र कुमार कुडारिया जी ने कहा कि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की स्थापना 24 मई 2007 को भारत की शिक्षा को भारत की संस्कृति, प्रकृति एवं प्रगति के अनुरूप बनाने के ध्येय से की गई थी। यह न्यास मूल रूप से 'शिक्षा बचाओ आंदोलन' से जन्मा, जिसकी शुरुआत 02 जुलाई 2004 को पाठ्यक्रमों में समाहित विकृतियों और यौन शिक्षा जैसे विषयों के विरुद्ध हुई थी।

## कलेक्टर को भेंट किया गया प्रशस्ति पत्र और मेडल



**रीवा।** पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए रीवा जिले द्वारा सशस्त्र सेना झण्डा दिवस कोष में निर्धारित लक्ष्य से अधिक सहयोग राशि देने पर राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल द्वारा कलेक्टर रीवा को सम्मानित किया गया। राज्यपाल द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र एवं मेडल कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल पी. गंगा ने भेंट किया। रीवा जिले के लिए 8 लाख 88 हजार 800 रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। रीवा जिले में वर्ष 2023 में 8 लाख 90 हजार 198 रुपए की सहयोग राशि सैनिक कल्याण कोष में जमा की गई।

## कलेक्टर ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की पदस्थापना

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की पदस्थापना आदेश जारी किये हैं। पी.के. पाण्डेय संयुक्त कलेक्टर को एसडीएम सिरमौर/सेमरिया बनाया गया है जबकि पी.एस. त्रिपाठी संयुक्त कलेक्टर एवं एसडीएम रायपुर कर्चुलियान/मनगवां को एसडीएम त्योंथर बनाया गया है। इसी प्रकार संजय जैन एसडीएम त्योंथर अब एसडीएम रायपुर कर्चुलियान/मनगवां होंगे तथा राजेश सिन्हा डिप्टी कलेक्टर एवं एसडीएम सिरमौर/सेमरिया को कलेक्टर कार्यालय पदस्थ किया गया है।

## हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में प्रदेश का आदर्श संगठन आगे बढ़ेगा : जनार्दन



**रीवा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन पर्व के तहत प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में हेमंत खंडेलवाल के निर्वाचित होने पर रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि श्री खंडेलवाल पार्टी के आदर्श नेता और कार्यकर्ता है उनके नेतृत्व प्रदेश का संगठन और अधिक सर्वव्यापी और सर्वाग्रही स्वरूप में खड़ा होगा आने वाले समय में संगठन तंत्र की शक्ति से प्रदेश को वैभवशाली बनाएगे श्री मिश्र ने कहा कि श्री खंडेलवाल के नेतृत्व में प्रदेश का संगठन बूथ स्तर पर मजबूत होगा और प्रदेश का आदर्श संगठन का स्वरूप आगे बढ़ेगा वहीं भाजपा कार्यालय में हेमंत खंडेलवाल को प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर कार्यालय रीवा में आतिशबाजी और मिष्ठान वितरण कर कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया वही रीवा न्यायालय में अधिवक्ताओं ने भी मिष्ठान वितरण कर खुशी व्यक्त की भाजपा रीवा के वरिष्ठ नेता कमलेश्वर सिंह रमेश गर्ग नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पांडे विवेक दुबे महाबली गौतम योगेंद्र शुक्ला राजीव खंडेलवाल श्रीकांत तिवारी गीता नामदेवकुमार बहादुर सिंह तरुण शेखर पांडे राबेन्द्र सिंह सिकरवारडॉ मुजीब खान बृजेंद्र गौतम नोटरी संघ के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी संजीव सिंह राजकुमार जायसवाल केपी तिवारी हीरालाल वर्मा संतोष प्यासी संजीव गुप्ता देवेंद्र सोहगौरा, जिला उपाध्यक्ष, उमाशंकर पटेल, जिला मंत्री शरद साहू, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती साधना गुप्ता ,कार्यालय मंत्री वीरेश पांडेय , सह कार्यालय मंत्री जय प्रताप सिंह, विवेक गौतम, राजेश सिंह, गौरव पांडेय, प्रकाश सोनी चिंटू, सूर्य प्रताप तिवारी, संजीव गुप्ता, नरेन्द्र शर्मा, परमजीत सिंह डंग, पार्षद द्वय समीर शुक्ला अंबुज रजक, बुद्धसेन नापित, आकाश चौरसिया, अनंत गुप्ता, गुलाब साहनी, आदित्य पांडे, अंशुमान् गुप्ता राजेश शर्मा अमरेश पांडे श्रीमती ससकिरण मिश्रा श्रीमती संजुला सिंह, संजय गुप्ता विवेक पांडे छोटूशाहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महापौर ने नगर निगम कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक ली



**रीवा।** महापौर श्री अजय मिश्रा ''बाबा'' ने दिनांक 2 जुलाई को नगर निगम कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक ली। जिसमें निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में महापौर ने विभिन्न विभागों की गतिविधियों एवं प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। वर्षा उपरांत सीवर एवं जल आपूर्ति पाइपलाइन बिछाने के कारण उत्पन्न हो रही समस्याओं तथा नागरिकों की शिकायतों पर तत्परता से समाधान करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि नालियों में मिट्टी भर जाने के कारण जल निकासी बाधित हो रही है, मैन्युअल लेबर के माध्यम से मिट्टी की सफाई कर नालियों को अवरुद्ध होने से रोका जाए एवं कार्य में सतर्कता बरती जाए। निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए महापौर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अब ढोला पाइप से ड्रेनेज निर्माण हेतु एस्टीमेट तैयार कर कार्य प्रारंभ कराया जाने को कहा जिससे इस प्रणाली से ड्रेनेज सिस्टम अधिक उपयोगी सिद्ध हो सके। अवैध कॉलोनियों के विषय में चर्चा करते हुए उन्होंने ध्वस्तीकरण की कार्यवाही निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। साथ ही, कॉलोनी विकास नियमों के संबंध में शहर की श्रेणी के अनुसार नियम तैयार कर शासन को सुझाव भेजे जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। महापौर ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की बात कही तथा कचरा उठाव की व्यवस्था को दुरुस्त करने एवं नियमित निगरानी के निर्देश दिए। इस दौरान एमआईसी सदस्य पार्षद श्री धनेंद्र सिंह बघेल, उपायुक्त श्री प्रकाश द्विवेदी, श्री एमएस सिद्दीकी, कार्यपालन यंत्री श्री राजेश सिंह, श्री एचके त्रिपाठी, सहायक आयुक्त श्री रामनरेश तिवारी, श्री केएन साकेत, सहायक यंत्री श्री एसके गर्ग, श्री अम्बरीष सिंह, श्री पीएन शुक्ला, श्री राजेश मिश्रा उपस्थित रहे।

## ननि आयुक्त ने वार्ड क्रमांक 15 का भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया

**रीवा।** नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे द्वारा आज रीवा नगर के वार्ड क्रमांक 15 का भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वर्षा से उत्पन्न समस्याओं का जायजा लिया एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि जलजमाव की स्थिति से उत्पन्न समस्याओं पर त्वरित सुधारात्मक कार्यवाही की जाए। साथ ही, नालों की सफाई, जल निकासी की व्यवस्था एवं आवश्यक निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 31 मई से प्रारंभ हो चुकी है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई है। इच्छुक विद्यार्थी किसी भी ऑनलाइन सेंटर अथवा मोबाइल के माध्यम से प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर सकता है। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य मनीष तिवारी ने बताया कि विद्यार्थी को रीवा अथवा मऊगंज जिले के शासकीय विद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययरत एवं रीवा अथवा मऊगंज जिले का निवासी होना चाहिए। विद्यार्थी ने कक्षा 3 और 4 की निरंतर पढ़ाई शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय से पूर्ण शिक्षण सत्र में उत्तीर्ण की हो तथा वर्तमान में कक्षा 5 में अध्ययनरत हो। विद्यार्थी 29 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कक्षा में आगामी सत्र में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 13 दिसम्बर को रीवा और मऊगंज जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालय में आयोजित की जाएगी। इसके आधार पर तैयार मेरिट सूची के अनुसार विद्यार्थियों को कक्षा 6 में प्रवेश दिया जाएगा। इस संबंध में अन्य जानकारियाँ और विवरण नवोदय डॉट जीओभी डॉट इन लिंक पर भी प्राप्त की जा सकती हैं। इसका आवेदन पत्र वेबसाइट सीबीएसईआईटीएमएस डॉट आरईआईएल डॉट जीओभी डॉट इन पर किया जा सकता है।

## महापौर द्वारा नगर में विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन

**रीवा।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 25 में विवेकानंद नगर में श्री दीक्षित के घर से सीवरेज एसटीपी प्लांट के पास निर्मित पुलिया तक आरसीसी सड़क, डिवाइडर निर्माण एवं पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य का भूमिपूजन श्री लक्ष्मण द्विवेदी के द्वारा महापौर श्री अजय मिश्रा ''बाबा'' की उपस्थिति में किया गया। उक्त निर्माण कार्य की अनुमानित लागत रू. 74.39 लाख है। इस दौरान वार्ड पार्षद जरीना बेगम, एम.आई.सी. सदस्य श्री धनेंद्र सिंह बघेल, पूर्व पार्षद अशोक पटेल झब्बू, साबिर अंसारी, नगर निगम कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, सहायक यंत्री अमरीश सिंह, उपयंत्री पूर्वी अग्रवाल एवं वॉर्डवासी उपस्थित रहे। इसी प्रकार जोन क्र. 03 अंतर्गत वार्ड 14 में हरिजन बस्ती में स्व0 छोटकईया साकेत के घर से श्री भारत चौधरी के घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन श्री भारत चौधरी द्वारा नारियल तोड़कर किया गया। उक्त निर्माण कार्य की अनुमानित लागत रू. 13.84 लाख है। इस दौरान मुलई कोल, भोला कोल, देववती साकेत, रवि साकेत, सिया दुलारी, छोटी साकेत, भारत शरण सिंह, पंकज बाजपेई, सूरज विश्वकर्मा, पप्पू भदौरिया एवं अन्य वार्ड 14 समान हरिजन बस्ती के रहवासीगढ़ उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त अरुण नगर में 2 निर्माण कार्यो का भूमिपूजन का नारियल तोड़कर वरिष्ठ नागरिक श्री जमुना प्रसाद तिवारी ने विधिवत भूमि पूजन किया जिनमें कायाकल्प 2.0 योजना के तहत गायत्री स्कूल के पास श्री संजय पाण्डेय के घर से श्री सत्यनारायण चतुर्वेदी के घर से 60 फिट मेंन रोड तक सीमेन्ट क्रांकीट सड़क सुदृढ़ीकरण/मजबूतीकरण का कार्य जिसकी लागत रू. 55.71 लाख है साथ ही वार्ड 14 में श्री एसडीओ शुक्ला के घर से श्री रमाकांत तिवारी एवं अमित सिंह के घर से सप्तऋषि पण्डित के घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य जिसकी निविदा लागत रू. 21.75 लाख है उक्त दोनो निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान दिलीप शर्मा, मनीष चतुर्वेदी, रविंद्र पांडे, वेंकटेश पांडे, गणेश पांडे, सुमित पांडे, राहुल तिवारी आदि उपस्थित रहे।







स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833